राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 96 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से देश में तीसरी बार और राजस्थान में पहली बार आयोजित हो रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेवा संगम की शुरूआत जयपुर में हुई। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## कोरोना: 'डरने की जरूरत नहीं, सावधानी बरतें'

### कोरोना पर मंडाविया ने सभी स्वास्थ्य मंत्रियों की समीक्षा बैठक; 10-11 अप्रैल को मॉक ड्रिल के निर्देश

**चर्चा हुई**

- **डरने की जरूरत नहीं है। हमें भ्रम से बचना होगा। कोरोना की जांच और जीनोम सीवेंक्सिंग बढ़ानी होगी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसको देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस दौरान मंडाविया ने सभी से सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। हमें भ्रम से बचना होगा। कोरोना की जांच और जीनोम सीवेंक्सिंग बढ़ानी होगी। इससे पहले देशभर में बीते 24 घंटे में कोरोना के पांच हजार से ज्यादा लोग संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरुवार को कोरोना के पांच हजार से ज्यादा केस आए थे, जो छह महीने में सबसे अधिक है। बैठक के बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ संवाद किया। कुछ राज्यों में कोरोना के कुछ मामले सामने आने लगे हैं, हमने निवेदन किया है कि देश के स्तर पर कोई एसपीओ जारी करें ताकि इसे समय रहते रोका जाए। उन्होंने मॉक ड्रिल के निर्देश दिए हैं तो हम 10-11 तारीख को मॉक ड्रिल कराएंगे। हम नौ तारीख को सभी संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे और राज्य में तैयारियों की समीक्षा करेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, नए मरीजों की संख्या बढ़ने के चलते सक्रिय मामले भी बढ़कर 25,587 तक पहुंच गए हैं।
बीते दिन 2,826 मरीजों को स्वस्थ घोषित किया गया। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोरोना की जांच बढ़ने के साथ ही संक्रमित रोगियों की संख्या बढ़ती दिखाई दे रही है।



### 21 राज्य के 72 जिलों में रेड अलर्ट

**बीते** चार सप्ताह से देश में लगातार बढ़ते कोरोना मामलों के चलते 21 राज्य के 72 जिले रेड अलर्ट में आए हैं। इन जिलों में बीते सप्ताह के दौरान 12 से 100 फीसदी तक सैंपल कोरोना संक्रमित मिले हैं। जानकारी मिली है शुक्रवार को बैठक में अधिक संक्रमण प्रसारित होने वाले जिलों पर चर्चा की गई। पिछले सप्ताह की तुलना में इस सप्ताह दैनिक जांच में इजाफा हुआ है। बीते दिन 1.60 लाख से अधिक सैंपल की जांच हुई है जिसमें 3.32 फीसदी संक्रमित पाए गए। यही वजह है कि नए मरीजों की संख्या अधिक दर्ज की जा रही है। मंत्रालय के अनुसार, देश में कोरोना की साप्ताहिक संक्रमण दर 2.89 फीसदी है।

### अप्रैल में तेजी से बढ़ रहे केस

**कोरोना** के डेली केस में इजाफा तेज हो गया है। फिलहाल पॉजिटिविटी रेट 3.39% है। मार्च के 31 दिनों में कोरोना के 31,902 केस सामने आए थे। इसके मुकाबले अप्रैल के 6 दिनों में ही 26,523 नए केस मिल हैं। अगर औसत देखें तो मार्च में रोजाना औसतन 1 हजार नए केस मिले थे, जबकि अप्रैल में रोजाना औसतन 4 हजार मामले आ रहे हैं। अगर संक्रमण दर यही रही तो अप्रैल में 1.20 लाख नए मामले आने की आशंका है। हालांकि, रोजाना जिस हिसाब से नए केस बढ़ रहे हैं, उसके मुताबिक अप्रैल के कुल केस इससे ज्यादा हो सकते हैं।

## भारत में ही बनेंगे एस-400 डिफेंस सिस्टम

### पड़ोसी देशों से लगी लगभग 15 हजार किमी. लम्बी सीमा की होगी कड़ी निगरानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रूस से एस**-400 एयर डिफेंस सिस्टम के पांचों स्क्वाड्रन की आपूर्ति होने के बाद 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत भारत में 5 और एस-400 स्क्वाड्रन का निर्माण किया जाएगा। अब तक 3 स्क्वाड्रन भारत में आ चुकी है और बाकी दो की डिलीवरी 2024 तक होनी है। दो एस-400 स्क्वाड्रन को भारत की पूर्वी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया जा चुका है और तीसरे को तैनात किये जाने की योजना है। इसके पहले वायुसेना जल्द ही इस रूसी वायु रक्षा प्रणाली से भारत में हवाई लक्ष्य के खिलाफ 'फायरिंग ट्रायल' करेगी। पूर्व वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने कहा कि फिलहाल भारत के पास आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) और इजराइली स्पाइडर क्विक रिएक्शन सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। रूस से भारत को पांच एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 मिल रहे हैं, जिसमें 3 मिल चुके हैं। बाकी दो की डिलीवरी 2024 तक होनी है। पड़ोसी देशों से लगी लगभग 15 हजार किमी. लम्बी सीमा की निगरानी करने के लिहाज से भारत के पास मिसाइल डिफेंस सिस्टम कम हैं।



**मेक इन इंडिया**

- **दो एस-400 स्क्वाड्रन को भारत की पूर्वी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया जा चुका है और तीसरे को तैनात किये जाने की योजना है**

## कांग्रेस को झटका, पूर्व सीएम किरण भाजपा में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आंध्र** प्रदेश में भाजपा ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। संयुक्त आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे किरण कुमार रेड्डी ने कुछ दिनों पहले कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने किरण रेड्डी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर प्रह्लाद जोशी ने कहा कि किरण कुमार रेड्डी, प्रधानमंत्री मोदी से काफी प्रभावित हैं और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई को वे मजबूती देंगे। एक विधायक और मंत्री के रूप में उनकी छवि बहुत साफ रही है। आंध्र प्रदेश में भाजपा के लिए यह एक बड़ा बढ़ावा होगा। वहीं, किरण रेड्डी ने कहा कि उनका परिवार 1952 से कांग्रेस से जुड़ा रहा है।

## गरीब कैदियों को न्याय दिलाने में मदद करेगी मोदी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मोदी** सरकार गरीब कैदियों की मदद के लिए आगे आई है। सरकार अब ऐसे कैदियों को आर्थिक मदद देगी जो धनाभाव के कारण जुमार्ने की राशि नहीं चुका पाने की वजह से जमानत या जेल से रिहा होने में असमर्थ हैं। इस संबंध में केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जेलों में बंद ऐसे कैदी जो जुमार्ना या जमानत राशि वहन करने में असमर्थ होने के कारण जेलों से छुटकारा नहीं पा रहे हैं। केन्द्र सरकार ऐसे कैदियों को आर्थिक मदद करेगी और उन्हें न्याय दिलवाने में सहयोग करेगी। योजना की व्यापक रूपरेखा को संबंधित हितधारकों के परामर्श से अंतिम रूप दिया गया है, जिसके तहत भारत सरकार, उन गरीब कैदियों को राहत देने के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

## ट्रेन अग्निकांडः मामले के आरोपी पर शिकंजा, 11 दिन की न्यायिक हिरासत

**कोझिकोड** : कोझिकोड ट्रेन अग्निकांड मामले में आरोपी शाहरुख सैफी को 11 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। फिलहाल, आरोपी का केरल के कोझिकोड के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पहले बताया गया था कि आरोपी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। बता दें, मामले में आगे कार्रवाई करने के लिए शहर की पुलिस आयुक्त राजपाल मीणा और मुंसिफ मजिस्ट्रेट जज शुक्रवार को केरल के कोझिकोड के सरकारी अस्पाल पहुंचे। इसके बाद आरोपी को 11 दिन की न्यायिक हिरासत की सजा सुनाई गई।

## सिद्धू ने की कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**रोडरेज** केस 1988 में साढ़े 10 महीने की सजा काट बाहर आए नवजोत सिंह सिद्धू दो दिन के दिल्ली दौरे पर हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने जहां बीते दिन राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के साथ मुलाकात की थी, वहीं नवजोत सिंह सिद्धू कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने पहुंचे। नवजोत सिंह सिद्धू ने ट्विटर पर मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ अपनी तस्वीर सांझा करते हुए लिखा- 9 बार के विधायक, तीन बार सांसद, वंचितों के लिए चैंपियन, सच्चाई की आवाज .. "विश्वसनीयता तेरा नाम मल्लिकार्जुन खड़गे" माननीय कांग्रेस अध्यक्ष से मिला और उनका आशीर्वाद लिया, वह पार्टी के लिए सकारात्मक ऊर्जा और सौभाग्य लेकर आए। नवजोत सिंह सिद्धू ने बीती शाम अपने ट्विटर अकाउंट पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ अपनी तस्वीर को अपलोड किया।



## ओपीईसी कच्चे तेल के उत्पादन में करेगी कटौती



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पेट्रोलियम** निर्यातक देशों के संगठन (ओपीईसी) ने विकसित अर्थव्यवस्थाओं से कम मांग की आशंका के बीच कच्चे तेल के उत्पादन में 16 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती करने का फैसला किया है। इस फैसले से दीर्घ अवधि में भारत पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। भारत अपनी 4.9 मिलियन बैरल प्रतिदिन की जरूरतों का 85 प्रतिशत क्रूड ऑयल आयात करता है।
क्रूड ऑयल के हर बैरल की कीमत में अगर 10 डॉलर का इजाफा होता है तो भारत का आयात बिल सालाना 15 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। जानकारों के अनुसार यह देश की जीडीपी का करीब 0.51% प्रतिशत है।

## 'जिन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी, उन्हें अपराधी घोषित किया'

**राष्ट्रीय सेवा संगम**

- **आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संगम के उद्घाटन पर कहा कि दुनियाभर में मिशनरी समाज के लोग हॉस्पिटल, स्कूल चलने के साथ सेवा का काम कर रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ की ओर से देश में तीसरी बार और राजस्थान में पहली बार आयोजित हो रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेवा संगम की शुरूआत जयपुर में हुई। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संगम के उद्घाटन पर कहा कि दुनियाभर में मिशनरी समाज के लोग हॉस्पिटल, स्कूल चलने के साथ सेवा का काम कर रहे हैं। जब हमने देश घूमकर देखा संत समाज क्या कर रहा है तो हमें पता चला जो काम मिशनरी कर रहे है, संत उनसे अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना से ही स्वयंसेवक सेवा कर रहे हैं। सेवा की मानसिकता सब में होती है, बस उसे जगाना पड़ता है। हम प्रयास कर रहे हैं कि सेवा के जरिए आज ही समाज स्वस्थ्य हो जाए। इससे पहले हमें स्वस्थ्य होना पड़ेगा। हमारे समाज में यदि कोई पीछे है तो यह हमारे लिए अच्छी बात नहीं है। सबको समान और अपने जैसा मानकर ही समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। कमजोर लोगों को ताकत देनी है। उन्होंने कहा, 'हमारे समाज में कई ऐसी घूमंतू लोग हैं, जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी।

## 'विज्ञान की मदद से करें भावी भारत का निर्माण'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्रीय** सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि हमें अपने इतिहास, अध्यात्म, संस्कृति, संस्कार, सरोकारों का संरक्षण करते हुए, उन पर गर्व करते हुए आधुनिक तकनीक अपनानी चाहिए। इन दोनों पक्षों के सुंदर तालमेल से ही भविष्य का भारत सशक्त, समृद्धशाली व वैभवशाली बनेगा और विश्व का नेतृत्व करेगा। नितिन गडकरी ने यह बातें नई दिल्ली स्थिति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) में अयोध्या पर्व का उद्घाटन करते हुए कही। देश भर में विश्व स्तरीय सड़कों का जाल बिछाकर देश की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए विख्यात नितिन गडकरी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि अयोध्या में रामलला का मंदिर साकार रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि हमने वह दौर भी देखा था जब लोग पूछते थे क्या हम अयोध्या में रामलला का मंदिर अपनी इन आंखों से ही देख सकेंगे।

## बिहार में जाति नंबर-22 का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** में थर्ड जेंडर को जाति का कोड देने पर विरोध शुरू हो गया है। यहां उन्हें कोड-22 दिया गया है। किन्नरों की प्रतिनिधि रेशमा ने कहा कि हम ट्रांसजेंडर्स की कोई जाति नहीं है। ट्रांसजेंडर्स व्यक्तियों को बिहार सरकार जाति के आधार पर पहचान दे रही है, जो बिल्कुल गलत है। हम जाति नहीं हैं। जेंडर हैं। सरकार हमें इस आधार पर 1% रिजर्वेशन दें। रेशमा ने कहा कि ट्रांसजेंडर्स एक लैंगिकता है। ट्रांसजेंडर्स प्रोटेक्टिव एक्ट 2019 के अनुसार एस्टेब्लिश है।

**संचालन पर फोकस** मोदी सिकंदराबाद से तिरुपति के बीच हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन के संचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे

## तीर्थ स्थलों के बीच संपर्क बढ़ाने पर सरकार का फोकस!



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** के प्रमुख तीर्थस्थलों के बीच संपर्क बढ़ाने और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार वंदे भारत ट्रेनों का संचालन बढ़ाने पर फोकस कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी सिकंदराबाद से तिरुपति के बीच हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन के संचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। बता दें कि देश में अभी 13 रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इनमें से चार रूट प्रसिद्ध तीर्थस्थलों के हैं।
**इन रूट्स पर चल रहीं वंदे भारत ट्रेनें:** सिकंदराबाद-तिरुपति रूट के अलावा अन्य तीन रूट नई दिल्ली-वाराणसी, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी (कटरा) और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई से शिरडी का रूट शामिल है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी नेशनल हाइवे-744 का भी शिलान्यास करेंगे। इस हाइवे के निर्माण से देश के सबसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों जैसे मदुरई का मीनाक्षी मंदिर, श्रीविल्लीपुथुर का अंदल मंदिर और केरल के सबरीमाला मंदिर के बीच संपर्क बेहतर हो जाएगा। तीर्थस्थलों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ने से ना सिर्फ तीर्थयात्रियों को फायदा होगा बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को भी मदद मिलेगी। कनेक्टिविटी बढ़ने से व्यापार बढ़ेगा, नई नौकरियों का सृजन होगा और पर्यटन, हैंडीक्राफ्ट और खाद्य सेवाओं का विकास होगा।
**बुनियादी ढांचे के विकास पर जोरः** बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक बयान में कहा था कि देश में आधारभूत ढांचे के विकास में 10 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।



# हरियाणा में कोरोना से तीसरे दिन भी मौत

## 24 घंटे में 318 मिले नए केस; 1109 हुए एक्टिव मरीज, 7.39% पहुंची पॉजिटिविटी दर

**24 घंटे में 318 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। एक्टिव केसों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में कोरोना संक्रमण के तीसरी लहर जैसे हालात हो गए हैं। संक्रमण से राज्य में तीसरे दिन भी कोरोना से मौत का एक मामला सामने आया है। 24 घंटे में 318 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। एक्टिव केसों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। सूबे में इनकी संख्या 1109 रिकॉर्ड की गई है। पॉजिटिविटी दर में भी रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी हुई है। 5.77% से बढ़कर 7.39 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

**14 जिलों में फैला संक्रमण:** हरियाणा के 22 जिलों में से 14 जिलों में अब संक्रमण फैल चुका है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला के बाद अब रोहतक संक्रमण के लिहाज से हॉटस्पॉट बने हुए हैं। गुरुग्राम में 24 घंटे के दौरान 179 रिकॉर्ड मरीज मिले हैं। दूसरे नंबर पर पंचकूला में 39 और फरीदाबाद में 20 नए मरीज मिले हैं। रोहतक में 20, करनाल में 13 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

**10717 अब तक मौतें:** गुरुग्राम में कोरोना संक्रमण से एक मौत होने के बाद अब सूबे में 10717 मौतों का आंकड़ा पहुंच गया है। इससे पहले यमुनानगर और पंचकूला में संक्रमण से मौत होने का मामला सामने आ चुका है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक उन मौतों को अपने रिकॉर्ड में अपडेट नहीं किया है। गुरुग्राम में होने वाली यह पहली मौत हो जो स्वास्थ्य विभाग ने आधिकारिक रूप से दर्शाई है।

**बढ़ सकती है सख्ती:** कोरोना को लेकर हरियाणा सरकार सख्ती बढ़ाने की तैयारी कर रही है। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने ऐसे संकेत दिए हैं। उनका कहना है कि संक्रमण को रोकने के लिए अभी सरकार के पास और भी विकल्प हैं। हरियाणा में अभी सौ से अधिक लोगों की भीड़ होने पर मास्क लगाना अनिवार्य किया है। इसके साथ ही सभी हेल्थ कर्मचारियों के लिए ड्यूटी के दौरान मास्क जरूरी किया गया है।

### कैथल में कोरोना के पांच एक्टिव मरीज मिले

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**कैथल** में शुक्रवार को करोना के पांच नए मामले सामने आए हैं। शहर और देहात में मिले करोना के मरीजों को घर में आइसोलेट कर दिया गया है। इससे पहले दिसंबर महीने में कोरोना के नए मामले सामने आए थे। कैथल जिले में कोरोना से अब तक कुल 377 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार तक कैथल में करोना का कोई केस एक्टिव नहीं था। नए केस सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। बावजूद इसके शहर के नागरिक अस्पताल में करोना के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा, इलाज के लिए आए मरीज व दूसरे लोग न तो मास्क लगा रहे हैं और न ही 2 गज की दूरी का पालन कर रहे हैं। इस कारण मामलों में इजाफा होने की संभावना बनी रहती है।
शुक्रवार को कोरोना के कुल 178 सैंपल लिए गए हैं। जिले में अब तक कुल 243 केसों की सैंपल रिपोर्ट पेंडिंग थी। रिपोर्ट आने के बाद कोरोना के यह नए मामले मिले हैं। यह केस कैथल, पूंडरी, फरल और गुहणा में मिले हैं। सभी मरीजों को होम आइसोलेट कर दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि शुक्रवार को कोरोना के कुल पांच नए मामले सामने आए हैं। अब एक्टिव केसों की संख्या भी पांच हो चुकी है।

## वर्ष 2024 में मोदी बनेंगे तीसरी बार प्रधानमंत्री : डॉ. डीपी वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
राज्य सभा सांसद डॉ. डीपी वत्स ने कहा कि हरियाणा हो या केंद्र सरकार फिर से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। प्रदेश में बीजेपी की सरकार ने विकास करवाया है और 2024 में फिर से बीजेपी की सरकार बनेगी। डीपी वत्स शुक्रवार को भिवानी में एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे,उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार प्रदेश में समान तौर पर विकास करवा रही है। दोनों पार्टियों के विकास से प्रदेश में खूब विकास हुआ है। वत्स ने कहा कि देश की इकनॉमी स्थिर है जबकि पाकिस्तान में काफी अफरा-तफरी मची हुई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान व भारत का बटवारा सही प्रकार से नेहरू व जिन्ना ने नहीं किया।देश मोदी जी के हाथ में सुरक्षित है और विकास के पथ पर बढ़ रहा है।

# सीएम को मिले 51 उपहारों की नीलामी में आए 1 करोड़ 14 लाख

**सामाजिक संस्थानों या व्यक्तियों द्वारा सम्मान स्वरूप प्राप्त उपहारों को समाज भलाई में लगाने का निर्णय लिया था**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा समाज के कल्याण हेतु मुख्यमंत्री उपहार योजना के रूप में शुरू की गई पहल को बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न कार्यक्रमों में सामाजिक संस्थानों या व्यक्तियों द्वारा सम्मान स्वरूप प्राप्त उपहारों को समाज भलाई में लगाने का निर्णय लिया था। पहले चरण में 51 उपहारों के लिए लोगों ने 1 करोड़ 14 लाख 95 हजार रुपये की सहयोग राशि दी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित उपहार वितरण समारोह में सहयोग देने वाले लोगों को मुख्यमंत्री ने सम्मान सहित ये उपहार वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपहार प्राप्त करने वाले लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इन उपहारों से प्राप्त सहयोग राशि को मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा किया गया है और इसे जनकल्याण के कार्यों पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने उपहार प्राप्त करने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के प्रबुद्ध लोगों को समाज सेवा के भाव से जन कल्याण के लिए जोड़ने हेतु यह पहल आरंभ की गई। आप सभी का आभार जिन्होंने इस पहल में सहयोग किया। मनोहर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाने के लिए भी व्यवस्था बनाई गई है। इसके लिए एक पोर्टल बनाया हुआ है और जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें सीएमओ व एक अन्य अधिकारी शामिल हैं। यह कमेटी उनके पास सहायता के लिए आए आवेदनों पर निर्णय लेकर एक निश्चित राशि वितरित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भी समय-समय पर मिले बहुमूल्य उपहारों को भी जनसेवा के लिए उपयोग किया जाता रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा राहुल राव, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिमा के लिए सहयोग राशि देने वाले वाले प्रवीन गर्ग तथा अर्जुन रथ की आकृति के लिए सहयोग राशि देने वाले विकास गर्ग के प्रतिनिधि के तौर पर आए मयंक गर्ग को दोनों स्मृति चिह्न वितरित किए। राम जन्मभूमि मंदिर की प्रतिमा के लिए सहयोग राशि देने वाले अभिजीत सिंह, कामाख्या देवालय की आकृति अनिल मित्तल और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की थ्री-डी प्रिंटेड प्रतिमा के लिए सहयोग राशि देने वाले ऐश्वर्य महाजन को उपहार वितरित किए। इसी प्रकार अन्य योगदानकताओं को भी मुख्यमंत्री ने उपहार वितरित किए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री निजी जीवन में भी परोपकार की भावना से सदैव जरूरतमंदों की सहायता करते रहते हैं।

# मंत्री के पास घटिया ईंट लेकर पहुंचे ग्रामीण

## ठेकेदार रात को कर रहा है काम; बबली ने दिए जांच के आदेश

**बबली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिसार में मनरेगा का कितना बजट खर्च किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा के पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली का हिसार में दौरा था। पंचायत मंत्री ने गांवों में लोगों की समस्याएं सुनी और साथ ही सरकार की ई टेंडरिंग की प्रकिया और इसके लाभ की जानकारी दे रहे थे। इस दौरान किरतान गांव के ग्रामीण जोहड़ वाले रास्ते पर लग रही खराब ईंटों को उठाकर मंत्री के सामने पहुंच गए। यह काम ई टेंडरिंग से हो रहा था। ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार घटिया निर्माण सामग्री लगा रहा है। रोकने के बावजूद भी मान नहीं रहा। इतना ही नहीं रात को ईंटें लगाने का काम कर रहा है।

**टेंडर की शर्त पर होगा काम:** मंत्री ने निर्देश दिए कि ये देखो ईंट कैसे लग रही हैं। पेमेंट रोक देंगे। मंत्री ने कहा कि जो गलत काम करवा रहे हैं, इन्हें बख्शेंगे नहीं। बात पेमेंट की नहीं, काम गलत हो रहा है। जो टेंडर की शर्त है, उसी आधार पर काम होगा। सरपंचों को कहा कि कहीं पर भी घटिया काम को रहा है तो मुझे शिकायत दें।
जनता का पैसा किसी को खाने नहीं दूंगाः पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने अपने दौरे के दौरान कहा कि आज से 30 साल पहले के गांवों और आज के गांवों में अंतर है। पंचायत मंत्री ने कहा कि मैं सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए राजनीति कर रहा हूं। सरकार का पैसा जनता का पैसा है, इसे खाने नहीं दिया जाएगा। चाहे वह अधिकारी हो या चुने हुए प्रतिनिधि। पंचायत मंत्री ने कहा कि जो अधिकारी काम में कोताही कर रहे थे, वे अब लाइन पर आ गए है। बबली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिसार में मनरेगा का कितना बजट खर्च किया गया, उसकी जानकारी उन्हें उपलब्ध करवाई जाए।

# रोटरी क्लब द्वारा गांव मछौंडा में जागरूकता शिविर आयोजित

**छात्रों को विभिन्न बीमारियों से परे रखेंगे और वे शरीरिक और मानसिक रूप में बलवान बनेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** रोटरी क्लब अम्बाला इंडस्ट्रियल एरिया ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एस एस लिटिल एन्जल्ज सीनियर सैकण्डरी स्कूल, गांव मछौंडा में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया, जिसमें प्रकल्प प्रमुख सिविल हस्पताल में कार्यरत रोटेरियन डाक्टर जोगिंदर सिंह ने विश्व स्वास्थ्य दिवस को मनाने के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक और विवेचनात्मक चर्चा की । विद्यालय के छात्रों को अच्छे और स्वास्थ्यवर्धक समयानुसार खान-पान, योग और शरीरिक परिश्रम करने, प्रातः उठने, रात को जल्दी सोने और सफाई के फायदों के बारे में बताया। जो कि छात्रों को विभिन्न बीमारियों से परे रखेंगे और वे शरीरिक और मानसिक रूप में बलवान बनेंगे।
क्लब की प्रधान नीलम शर्मा, सचिव एम के जुल्का, निदेशक क्लब सेवाएँ अशोक कुमार शर्मा ने भी सभी छात्रों को अच्छे स्वास्थ्य की ओर अपना ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# मानदेय भुगतान की मांग को लेकर मिड-डे मील कार्यकर्ता सड़कों पर

**नौनिहालों को खाना बनाकर खिलाने का काम करती हैं, परंतु पिछले पांच महीने से उन्हें मानदेय नहीं मिला है**

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी की जिला कमेटी ने शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन कर उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पहले मिड-डे मील कार्यकर्ता स्थानीय नेहरू पार्क में एकत्रित हुईं तथा वहीं सभा आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता यूनियन की जिला प्रधान मीरा ने की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एआईयूटीयूसी के जिला सचिव राजकुमार बासिया ने कहा कि मिड-डे मील कुक-कम-हैल्पर बेहद गरीब परिवारों से हैं तथा मिड-डे मील योजना के तहत सरकारी स्कूलों में नौनिहालों को खाना बनाकर खिलाने का काम करती हैं, परंतु पिछले पांच महीने से उन्हें मानदेय नहीं मिला है। मिड-डे मील कार्यकताओं की आजीविका का यही एकमात्र स्रोत है। मानदेय समय पर नहीं मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। सरकारी काम करने पर भी उन्हें श्रमिक का दर्जा नहीं दिया गया।

# नौकरानी ने प्रेमी के साथ मिलकर चुराए आभूषण व लाखों की नकदी

## पुलिस ने नौकरानी के अलावा उसके प्रेमी व ज्वैलर्स सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से तीन लाख 32 हजार रुपये व कुछ आभूषण बरामद कर लिए लिया



**पत्नी के साथ 28 मार्च को सिलिगुड़ी चला गया और तीन अप्रैल को वापस आने पर देखा कि अलमारी का लॉक टूटा हुआ था**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
घर के काम के लिए रखी नौकरानी ने ही लाखों की नकदी व आभूषण चुरा लिए। मकान मालिक की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नौकरानी के अलावा उसके प्रेमी व ज्वैलर्स सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से तीन लाख 32 हजार रुपये व कुछ आभूषण बरामद कर लिए हैं। सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि इस संबंध में सेक्टर 9-11 निवासी निर्मल कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार उन्होंने अपनी नौकरानी पर चोरी का शक जाहिर करते हुए शिकायत दी थी कि उसने अपने घर पर बुजर्ग माता की देखभाल के लिए व काम करने के लिए सिरसा जिला के जोधकां निवासी आरती नाम की महिला को नौकरानी रखा हुआ था। शिकायतकर्ता अपनी पत्नी के साथ 28 मार्च को सिलिगुड़ी चला गया और तीन अप्रैल को वापस आने पर देखा कि अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और उसमे से नकदी और सोने के आभूषण गायब थे। जांच अधिकारी एएसआई नरेंद्र ने बताया कि शिकायतकर्ता निर्मल कुमार ने अपनी माता की देखभाल और घर के काम करने के लिए आरती को नौकरानी रखा हुआ था। आरती को मालूम था कि निर्मल कुमार के घर में कहां पर क्या रखा हुआ है। नौकरानी आरती, उकलाना निवासी अमित के साथ लव इन रिलेशनशिप में रहती है। दोनों ने मिलकर चोरी का प्लान बनाया। उसने अमित के साथ मिलकर अलमारी का ताला तोड़ उसमें से सोने के आभूषण और नकदी चुराई थी। सोने के आभूषण चुराने के बाद दोनों आरोपितों ने राजस्थान ज्वैलर्स के विकास सोनी को आभूषण बेच दिए, जिसके बदले में विकास सोनी ने एक लाख 32 हजार नकद, एक लाख अमित के बैंक अकाउंट में और एक चांदी की चैन बनाकर दी और ज्वैलर विकास सोनी ने चोरीशुदा आभूषणों को पिघला दिया। जांच करते हुए पुलिस चोरी तथा आभूषण खुर्द-बुर्द करने के मामले में तीनों आरोपितों को गिरफ्तार करके आरती से 72 हजार रुपए, एक मंगलसूत्र और चांदी की चैन बरामद की है जबकि अमित से 60 हजार रुपए बरामद किए हैं। साथ ही अमित के बैंक अकाउंट में ज्वैलर विकास सोनी द्वारा जमा करवाए गए एक लाख रुपए भी फ्रीज करवाए जाएंगे।
पुलिस ने ज्वैलर विकास सोनी से दो लाख रुपए नकद और सोने की चैन बरामद की है। पुलिस ने तीनों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# पलवल: 15 करोड़ रुपये से होगा ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग का जीर्णोद्धार

**ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए भगवान श्री कृष्ण के प्रति आस्था का प्रतीक है**

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
**ब्रज चौ**रासी कोस परिक्रमा के लगभग 36 किलोमीटर लंबे मार्ग पर 15 करोड़ रुपये से जीर्णोद्धार किया जाएगा। यह बात शुक्रवार को हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम एवं होडल विधानसभा के विधायक जगदीश नायर ने अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत में कही। विधायक जगदीश नायर ने कहा कि ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए भगवान श्री कृष्ण के प्रति आस्था का प्रतीक है। ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा करने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु भक्त आते हैं। उन्होंने स्वयं भी हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान यह मांग उठाई थी कि ब्रज परिक्रमा मार्ग को ठीक किया जाए, जिससे परिक्रमा के लिए आने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तुरंत प्रभाव से उपायुक्त पलवल को परिक्रमा मार्ग दौरा कर लोगों को होने वाली असुविधाओं के बारे में तुरंत रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। उपायुक्त की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उसी समय 15 करोड रुपए की राशि से 36 किलोमीटर लंबे ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग को पूर्ण कराने के आदेश दिए। विधायक ने कहा जल्द ही ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग पर कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

## छात्रा का रास्ता रोकने वाले पर मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला में एक युवक ने छात्रा का रास्ता रोक कर फ्रेंडशिप करने का दबाव बनाया। फ्रेंडशिप न करने पर बदतमीजी करते हुए छात्रा को उसने थप्पड़ मारे। मनचले ने धमकी दी कि वह दोस्तों के साथ मिलकर उसे रास्ते से उठा लेगा। उसके साथ वो होगा, जिससे वो किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी। पीड़िता ने मुलाना थाना में शिकायत सौंप न्याय की गुहार लगाई है। वह कॉलेज से वापस अपने घर लौट रही थी। वह मुलाना बस स्टैंड पर उतर अपने घर जाने लगी। इसी बीच, उसके गांव का युवक अभिषेक अपने 3 अन्य साथियों के साथ आया और उससे गलत हरकत करने लगा।

# अब पोर्टल पर दर्ज होंगी सीएम को मिली शिकायतें

**शिकायतें संबंधित अधिकारी के पास तय समय में पहुंचेगी और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
गांवों के विकास के बिना ग्राम स्वराज की अवधारणा पूरी नहीं हो सकती, महात्मा गांधी के इस सिद्धांत पर चलते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के साथ मुख्यमंत्री जनसंवाद की शुरूआत की है। इस कड़ी में जनता को एक और सहूलियत देते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने अपने निवास पर जनसंवाद पोर्टल लॉन्च किया। मुख्यमंत्री को नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं व शिकायतों की लिखित में दी गई जानकारी अब इस पोर्टल पर दर्ज होगी। इस प्रकार की लिखित शिकायतों के कागजात कभी-कभी संबंधित अधिकारी तक नहीं पहुंच पाते थे लेकिन अब मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने सीएम विंडो प्रणाली में ही यह जनसंवाद मॉड्यूल विकसित किया है। इस पोर्टल के बनने से अब नागरिकों द्वारा दी जाने वाली लिखित शिकायतों की जानकारी सिस्टम में दर्ज होगी। इस तरह यह शिकायतें संबंधित अधिकारी के पास तय समय में पहुंचेगी और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। इस प्रणाली से अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी कि उन्हें तय समय सीमा में समस्या/ शिकायत का समाधान करना ही होगा।
यह मुख्यमंत्री की एक और सहूलियत है ताकि शिकायतकर्ता को किसी भी समय व आने जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। नागरिकों को उनकी शिकायतों पर की जा रही कार्रवाई की प्रगति की सूचना एसएमएस के माध्यम से मिलेगी। मुख्यमंत्री का पोर्टल आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य

# जेजेपी-कांग्रेस के गठबंधन में भूपेंद्र हुड्डा बने थे रोड़ा: दिग्विजय

## विस चुनाव परिणाम के बाद व लोकसभा चुनाव के दौरान गठबंधन नहीं होने दिया, भूपेंद्र हुड्डा की नकारात्मक सोच की वजह से नहीं हो पाया गठबंधन



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने गठबंधन के विषय पर एक बार फिर बड़ा दावा किया है। दिग्विजय ने कई सबूत प्रेस के सामने रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके पुत्र सांसद दीपेंद्र हुड्डा की पोल खोली। दिग्विजय ने बताया कि विधानसभा चुनाव-2019 के परिणाम के बाद गठबंधन और इससे चार महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन में कैसे भूपेन्द्र सिंह रोड़ा बने और उन्होंने कैसे अपनी नकारात्मक सोच को दशार्या। गुरुग्राम में शुक्रवार को जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह के साथ दिग्विजय चौटाला ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में यह दावा किया। इस दौरान इनसो के सदस्यता अभियान की भी शुरूआत की गई। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा आज जगह-जगह जाकर सरेआम झूठ बोलकर दुष्प्रचार कर रहे है। इसलिए गठबंधन के विषय पर स्पष्टता जरूरी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा 2019 के चुनाव परिणाम के बाद जेजेपी ने विधायक दल की बैठक करके हरियाणा के हित से जुड़े तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर साथ देने के लिए सबके सामने खुला ऑफर रखा था। उस दौरान डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने स्पष्ट रूप से बिना किसी लोभ लालच के कहा था कि जो हमारे इन मुद्दों पर सहमति जताएगा, जेजेपी उसके साथ होगी और हरियाणा के विकास के लिए हमारे लिए कोई अछूत नहीं है। दिग्विजय ने कहा कि उस दौरान कई कांग्रेसी नेताओं ने हमारे कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर सहमति भी जताई थी, लेकिन इस बीच भूपेंद्र हुड्डा की सोच नकारात्मक रही। वे इस बात पर अड़े रहे कि पहले समर्थन करो, फिर आगे मुद्दों पर बात होगी, निर्दलीयों से बात होगी। दिग्विजय ने यह भी बताया कि तत्कालीन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने जेजेपी के युवाओं को 75 प्रतिशत रोजगार कानून, महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण और बुढ़ापा पेंशन के विषय पर सहमति जताई थी और कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के तहत हमारा समझौता हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़, प्रदेश कोषाध्यक्ष सतबीर लाकड़ा, जिला अध्यक्ष रिशीराज राणा, प्रदेश प्रवक्ता यशवीर राघव, सूबे सिंह बोहरा, सुरेन्द्र ठाकरान, शैलजा भाटिया, रितु कटारिया आदि उपस्थित रहे।

# नारनौल में पार्षदों ने अफसरों को जगाने को बजाया ढ़ोल

**पार्षदों ने कहा कि वे सो रहे अधिकारियों को जगाने पहुंचे हैं। जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में ज्ञापन भी दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**हरियाणा** के नारनौल में शहर के पार्षदों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। शहर में चरमराई हुई सीवरेज व्यवस्था के विरोध में पार्षदों ने नसीबपुर के जन स्वास्थ्य (पब्लिक हेल्थ) अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में जाकर ढोल बजाया।
पार्षदों ने कहा कि वे सो रहे अधिकारियों को जगाने पहुंचे हैं। पार्षदों ने जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में ज्ञापन भी दिया। वहीं पार्षद जब प्रदर्शन कर रहे थे तब कार्यालय से उच्चाधिकारी गायब मिले। शहर में सीवरेज व्यवस्था चरमराई हुई है। हर गली मोहल्ले में सीवरेज का बुरा हाल है तथा गलियां सीवरेज ओवरफ्लो होने के कारण गंदे पानी से लबालब भरी रहती हैं। शहर के वार्ड नंबर 14, 15, 18, 19, 20, 21 सहित लगभग सभी वार्डों के मोहल्ला सुभाष पार्क के साथ, जमालपुर, चौधरियान, पुरानी मंडी, माली टिब्बा, राव का खड़खड़ी, सीआईए रोड सहित अनेक मोहल्लों में सीवरेज के कारण लोगों को परेशानी हो रही है।
वार्ड पार्षद नितिन चौधरी, रविंद्र भांकर, देवेंद्र कुमार और टिंकू आदि ने बताया कि वे कई बार जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से उनके मोहल्ले की गलियों में सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करने के बारे में बोल चुके हैं, लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगती। उन्होंने बताया कि आज भी वे अधिकारियों को अपनी शिकायत करने आए थे, लेकिन जब पार्षद कार्यालय में पहुंचे तो उनको कार्यालय में एसई, एक्शन व जेई तीनों ही नहीं मिले।

# 7 महीने बाद कोरोना केसों में रिकॉर्ड तोड़ उछाल

## एक सप्ताह में 3000 से ज्यादा मरीज मिले, 6 की मौत

**सावधानी बरतें**

● बढ़ते केसों को देखते हुए केंद्र सरकार ने भी राज्य सरकारों के लिए गाइडलाइंस जारी की हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली सहित देश में कोरोना के मामले एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। एक सप्ताह में दिल्ली में कोविड-19 के मामले 3000 से ज्यादा सामने आए हैं। 600 से ज्यादा कोरोना संक्रमित मिले हैं। बढ़ते केसों को देखते हुए केंद्र सरकार ने भी राज्य सरकारों के लिए गाइडलाइंस जारी की हैं। एक सप्ताह में कोरोना के एक्टिव केसों में भी 121 प्रतिशत का उछाल आया है। पिछले 24 घंटे में मिले 606 कोरोना मरीजों के साथ पॉजिटिविटी रेट भी 16.98 प्रतिशत पहुंच गया है।

**अगस्त में मिले थे इतने केस:** बता दें कि पिछले सात महीने के अंदर पहली बार 600 से ज्यादा कोरोना के केस सामने आए हैं। 26 अगस्त को दिल्ली में 620 कोरोना के केस रिपोर्ट किए गए थे। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, सक्रिय मामलों की संख्या 2,060 थी। 30 मार्च के बाद कोरोना मामलों में 121 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया है। उससे पहले कोरोना वायरस के एक्टिव केस 932 थे।

**एक सप्ताह में हुई छह मौतें:** 30 मार्च से 6 अप्रैल के बीच दिल्ली में कोरोना से छह मौतें दर्ज की गई हैं, जिनमें 3 अप्रैल को हुई दो मौतें शामिल हैं।

वहीं, इन्हीं दिनों के बीच कोरोना के 3,069 केस मिले। 5 अप्रैल को दिल्ली का पॉजिटिविटी रेट 26.54 प्रतिशत था, जो लगभग 15 महीनों में सबसे अधिक था। इस दिन 509 लोग एक ही दिन में संक्रमित मिले थे। पिछले साल जनवरी में पॉजिटिविटी रेट 30 फीसदी के आंकड़े को छू गया था।



### एच3एन2 इन्फ्लुएंजा के बढ़ने मामलों के बीच कोरोना केसों में उछाल

**देश** में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा के मामलों में तेज वृद्धि के बीच दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में नए कोविड संक्रमणों की संख्या में तेजी देखी गई है। शहर में 30 मार्च को 295 मामले और शून्य मृत्यु देखी गई। तब पॉजिटिविटी रेट 12.48 फीसदी था। गुरुवार तक, शहर में कोविड से मरने वालों की संख्या 26,534 थी, जबकि इसके मामले बढ़कर 20,12,670 हो गए थे। आंकड़ों से पता चला कि बुधवार को 3,569 कोविड टेस्ट किए गए। दिल्ली सरकार ने कहा है कि वह कोविड मामलों में तेजी पर नजर रख रही है और किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं।

### केंद्र सरकार की गाइडलाइंस

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों को सतर्क रहने और कोविड-19 प्रबंधन के लिए पूरी तैयारी रखने की सलाह दी है। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों से 10 और 11 अप्रैल को सभी अस्पतालों में बुनियादी ढांचे को लेकर मॉक ड्रिल करने को कहा है। इसके अलावा 8 और 9 अप्रैलको जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करने का आग्रह भी किया है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर दिल्ली में वॉकथॉन, दौड़े लोग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
विश्व स्वास्थ्य दिवस पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में वॉकथॉन का आयोजन किया। केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीन पवार के साथ वॉकथॉन का नेतृत्व किया। कार्यक्रम का आयोजन 'हेल्थ फॉर ऑल' की थीम के तहत किया गया था। वॉकथॉन का उद्देश्य न केवल गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) को दूर रखने के लिए बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव के लिए स्वस्थ आदतों के बारे में जागरुकता पैदा करना रहा। वॉकथॉन में शामिल करीब 350 प्रतिभागी विजय चौक से निर्माण भवन पहुंचे। प्रतिभागियों ने उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मानसिक बीमारी और कैंसर जैसी जीवन शैली से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं, बीमारियों को रोकने और नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ और सक्रिय जीवन अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर डॉ. मनसुख मांडविया ने सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि "यह वसुधैव कुटुम्बकम का भारत का दर्शन बना हुआ है जहां हम सभी की प्रगति के बारे में सोचते हैं। यह दर्शन कोरोना संकट के दौरान देखा गया था, जब भारत ने किसी व्यावसायिक लाभ पर विचार किए बिना जरूरतमंद देशों को टीके और चिकित्सा आपूर्ति प्रदान की थी। भारत हर हितधारक की मदद करने में सबसे आगे रहा है और इसी भावना के साथ भारत अपने नागरिकों और दुनिया के स्वास्थ्य के लिए काम कर रहा है।



विश्व स्वास्थ्य दिवस पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में वॉकथॉन का आयोजन किया। केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीन पवार के साथ वॉकथॉन का नेतृत्व किया।

# सिसोदिया की देश को चिट्ठी, पीएम की शिक्षा पर उठाया सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** शराब नीति केस में आरोपी डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को तिहाड़ से देश के नाम चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिक्षा पर सवाल उठाया। उन्होंने लिखा कि मोदी गर्व से कहते हैं कि गांव के स्कूल तक ही उनकी शिक्षा हुई है। लोग कंपनी में मैनेजर रखने के लिए पढ़ा-लिखा आदमी ढूंढते हैं। क्या देश के सबसे बड़े मैनेजर को पढ़ा लिखा नहीं होना चाहिए। मनीष सिसोदिया शराब नीति केस में सीबीआई और ईडी के केस में आरोपी हैं। वे अभी तिहाड़ में बंद हैं। वे राउज एवेन्यू कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत के लिए अपील कर चुके हैं। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत पर 12 अप्रैल को सुनवाई होगी। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ा चुकी है।

**मनीष सिसोदिया की पूरी चिट्ठी...** आज हम 21वीं सदी में जी रहे हैं। दुनियाभर में विज्ञान और टेक्नोलॉजी में हर रोज नई तरक्की हो रही है। सारी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की बात कर रही है। ऐसे में जब मैं प्रधानमंत्रीजी को यह कहते हुए सुनता हूं कि गंदे नाले में पाइप डालकर उसकी गैस से चाय या खाना बनाया जा सकता है तो मेरा दिल बैठ जाता है। क्या नाली की गंदी गैस से खाना बनाया जा सकता है? नहीं! जब प्रधानमंत्रीजी कहते हैं कि बादलों के पीछे उड़ते जहाज को रडार नहीं पकड़ सकता तो वो पूरी दुनिया में हंसी के पात्र बनते हैं। स्कूल-कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चे उनका मजाक उड़ाते हैं। उनके इस तरह के बयान देश के लिए बेहद खतरनाक हैं। इसके कई नुकसान हैं- जैसे पूरी दुनिया को पता चल जाता है कि भारत के प्रधानमंत्री कितने कम पढ़े-लिखे हैं और उन्हें विज्ञान की बुनियादी जानकारी तक नहीं है। इसके कई नुकसान हैं- जैसे पूरी दुनिया को पता चल जाता है कि भारत के प्रधानमंत्री कितने कम पढ़े-लिखे हैं और उन्हें विज्ञान की बुनियादी जानकारी तक नहीं है। दूसरे देशों के राष्ट्राध्यक्ष जब प्रधानमंत्रीजी से गले मिलते हैं तो एक-एक झप्पी की भारी कीमत लेकर चले जाते हैं। बदले में न जाने कितने कागजों पर साइन करवा लेते हैं, क्योंकि प्रधानमंत्रीजी तो समझ नहीं पाते, क्योंकि वो कम पढ़े-लिखे हैं। आज देश का युवा एस्पिरेशनल है। वह कुछ करना चाहता है। वो अवसर की तलाश में है। वो दुनिया जीतना चाहता है। साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वो कमाल करना चाहता है। क्या एक कम पढ़ा-लिखा प्रधानमंत्री आज के युवा के सपनों को पूरा करने की क्षमता रखता है? हाल के वर्षों में देश में 60 हजार सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। क्यों? एक तरफ देश की आबादी बढ़ रही है तो सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़नी चाहिए थी? अगर सरकारी स्कूलों का स्तर अच्छा कर दिया जाता है तो लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों से निकालकर सरकारी स्कूलों में भेजना शुरू कर देते, जैसा कि अब दिल्ली में होने लगा है। लेकिन देशभर में सरकारी स्कूलों का बंद होना खतरे की घंटी है। इससे पता चलता है कि शिक्षा सरकार की प्राथमिकता है ही नहीं। अगर हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं देंगे तो क्या भारत तरक्की कर सकता है? कभी नहीं! मैंने प्रधानमंत्रीजी का एक वीडियो देखा था, जिसमें वो बड़े गर्व के साथ कह रहे हैं कि वो पढ़े-लिखे नहीं हैं।



**सवाल उठाया**

● प्रधानमंत्री को यह कहते हुए सुनता हूं कि गंदे नाले में पाइप डालकर उसकी गैस से चाय या खाना बनाया जा सकता है

# किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जल्द करा सकेंगे रजिस्ट्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी में जल्द ही संपत्तियों की रजिस्ट्री किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में कराई जा सकेगी। इसके लिए पूरी दिल्ली को एक जिला के रूप में घोषित किया जाएगा। इस कदम से भ्रष्टाचार और उत्पीड़न पर अंकुश लगेगा और विभिन्न सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में चक्कर लगाने वाले हजारों लोगों को राहत मिलेगी। वर्ष 2015 में आंध्रप्रदेश में इस तरह की व्यवस्था लागू की गई थी। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए बृहस्पतिवार को सतर्कता विभाग के साथ समीक्षा बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। इसके अलावा भ्रष्टाचार के मामलों में शिकायत के लिए दिल्ली में भारत की पहली ऑनलाइन शिकायत सूचना प्रबंधन प्रणाली लागू की जाएगी। इससे लोग बिना किसी परेशानी के सीधे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे। सब-रजिस्ट्रार कार्यालय पूरी तरह सीसीटीवी की निगरानी में होगा। उपराज्यपाल ने एजेंसियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक ठोस तंत्र बनाने व निपटने में दिल्ली पुलिस और भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) सहित विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने के निर्देश की भी समीक्षा की। सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार को कम करने, दफ्तरों में दलालों की घुसपैठ रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए कई दिशानिर्देश जारी किए गए।

**दलालों पर लगाम लगाने के लिए दबिश:** उपराज्यपाल ने सब-रजिस्ट्रार ऑफिस, ट्रांसपोर्ट ऑफिस, ट्रेड, टैक्स और एक्साइज ऑफिस सहित इस तरह के जनता से जुड़े दफ्तरों में दलालों पर लगाम लगाने व पारदर्शिता लाने के लिए अधिकारियों को नियमित तौर पर औचक निरीक्षण और दबिश के भी निर्देश दिए। उन्होंने सब-रजिस्ट्रार ऑफिस को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने सभी उप निबंधक कार्यालयों के पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी की निगरानी में लाने के निर्देश दिए, जिसकी फीड सीधे सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को भेजी जाएगी।



**निर्देश**

● सभी उप निबंधक कार्यालयों के पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी की निगरानी में लाने के निर्देश दिए

# उप्र नगर निकाय चुनाव में भी किस्मत आजमाएगी आप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में भी किस्मत आजमाएगी। पार्टी हाउस टैक्स हाफ और वाटर टैक्स माफ के नारे के साथ मैदान में उतरेगी। पार्टी उप्र के 17 नगर निगमों और 763 नगर निकायों में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि चुनाव तैयारियों में तेजी लाने के लिए 763 नगर निकायों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

वार्ड, मेयर और चेयरमैन स्तर पर उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अभी तक वार्ड सदस्य व चेयरमैन के 270 उम्मीदवारों के नाम लगभग तय हो गए हैं।

## एनपीजी से चार ढांचागत परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पीएम गति** शक्ति योजना के तहत नेटवर्क नियोजन समूह (एनपीजी) ने रेलवे से संबंधित 4 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेलवे से जुड़ी इन चार परियोजनाओं में तीन ब्रॉड गेज लाइन और एक स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग से संबंधित है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक पीएम गति शक्ति योजना के तहत एनपीजी ने अपने 46वें बैठक सत्र में चार ढांचागत परियोजनाओं पर विचार-विमर्श के बाद उसे मंजूरी दी है। इन सभी परियोजनाओं को एकीकृत और समग्र दृष्टिकोण के साथ पीएम गति शक्ति सिद्धांतों के तहत विकसित किया जाएगा।

# उपराज्यपाल ने सरकार पर लगाया फाइल रोकने का आरोप

## विकलांग बच्चों के लिए विशेष स्कूलों के स्थानांतरण, मामले में हाई कोर्ट में लगातार तथ्यों को छिपाकर झूठे बयान दिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बार-बार हाईकोर्ट में झूठे बयान दे रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तीखी आलोचना की है। उपराज्यपाल ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने "विकलांग बच्चों के लिए विशेष स्कूलों के स्थानांतरण" मामले में हाई कोर्ट में लगातार तथ्यों को छिपाकर झूठे बयान दिए हैं। जिसे उन्होंने गंभीरता से लिया है। वीके सक्सेना ने कहा कि आप सरकार ने 18 नंवबर, 2022 और 17 फरवरी, 2023 को हाई कोर्ट को यह कहकर गुमराह किया कि इस मामले से संबंधित फाइल एलजी के पास लंबित है, जबकि सच्चाई यह थी कि आप सरकार ने इस फाइल को अनावश्यक रूप से खुद ही लंबित रखा था। हकीकत यह है कि इस फाइल को जानबूझकर सरकार ने महीनों तक लंबित रखा और हाई कोर्ट को चार महीने तक गुमराह किया। उन्होंने फाइल को एलजी के पास 28 मार्च, 2023 को भेजा है। एलजी ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे दिल्ली सरकार द्वारा कोर्ट को गुमराह करने और जानबूझकर दिए गए झूठे बयानों के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल करें और अदालत को मामले की तथ्यात्मक स्थिति से अवगत कराएं।

**झूठे बयान पर सख्ती**

● दिल्ली हाई कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल करें और अदालत को मामले की तथ्यात्मक स्थिति से अवगत कराएं

# गाइडलाइन्स की अवहेलना करने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि अभिभावकों को खास विक्रेता से किताबें और वर्दी खरीदने को मजबूर करने वाले निजी स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस बाबत शिक्षा निदेशक को ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। शिक्षा मंत्री ने निजी स्कूलों द्वारा अभिभावक को खास दुकान या वेंडर से महंगे दाम पर बच्चों की किताबें और ड्रेस खरीदने के मुद्दे पर त्वरित संज्ञान लिया है। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए कहा है कि जो प्राइवेट स्कूल किताबें व स्कूल ड्रेस के नाम पर अभिभावक से मोटा पैसा कमा रहे हैं। अभिभावक को किसी खास वेंडर या दुकान से महंगी किताबें और स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं, उनके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाए। कोई भी प्राइवेट स्कूल जो शिक्षा निदेशालय द्वारा किताबें व स्कूल ड्रेस को लेकर जारी गाइडलाइन्स की अवहेलना कर रहा है उसे बख्शा न जाए। शिक्षा मंत्री ने अपने निर्देश में साफ कहा है कि या तो प्राइवेट स्कूल अभिभावक को विशिष्ट विक्रेताओं से किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए मजबूर करना बंद करें या फिर कड़ी कार्रवाई का सामना करने को तैयार रहे। साथ ही शिक्षा मंत्री ने शिक्षा विभाग को निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्कूलों के खिलाफ जांच करने और गाइडलाइन्स के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई शुरू करने का निर्देश भी दिए हैं।



आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available

- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच

Dr. Singh examining a patient



आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE

ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

# हर्षद मेहता घोटाले में आरोप तय करने का दिया निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** पटियाला हाउस कोर्ट ने 90 के दशक के हर्षद मेहता घोटाला मामले में संलग्न शेयरों को बेचने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया है। आरोपी ने बिना किसी अधिकार के अपने माता-पिता के शेयर ब्रिकी फार्म पर साइन किए थे।

**मजिस्ट्रेट ने दिया आरोत तय करने का निर्देश:** मामले की सुनवाई करते हुए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 468 के तहत आरोप तय करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि प्रीचार्ज सबूत से पता चलता है कि अभियुक्त ने ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं होने के बावजूद वास्तव में बिक्री आदेशों पर हस्ताक्षर किए थे।"इस बात से कहीं इनकार नहीं किया गया है कि आरोपी ने भुगतान नहीं लिया है।"

**माता-पिता के कहने पर किए साइन:** न्यायाधीश ने 31 मार्च के आदेश में कहा, "अदालत के एक सवाल पर आरोपी ने कहा कि कथित रूपों पर साइन उसके हैं। हालांकि, उसने दोहराया कि उसने अपने माता-पिता के कहने पर हस्ताक्षर किए हैं। जैसा भी हो, अखंडित पूर्व आरोप सबूत निराधार नहीं है और अगर परीक्षण में विधिवत साबित हो जाए तो अभियुक्त का दोष स्थापित हो सकता है।"

साथ ही अदालत ने कहा कि आरोपी ने खुद उक्त प्रपत्रों पर



हस्ताक्षर किए, जबकि उक्त प्रपत्रों में शेयरों के धारकों के नाम के रूप में आरोपी के माता-पिता का नाम था। शिकायत से पता चलता है कि आरोपी ने खुद को शेयरों का मालिक बताते हुए कंपनी के कुछ शेयरों की बिक्री के लिए 5 जुलाई, 1995 और 8 सितंबर, 1995 को 2 मौके पर बिक्री के आदेश भरे।

**रिकॉर्ड नमूने से नहीं मिले साइन:** वहीं, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया,"बिक्री के आदेश के बदले शिकायतकर्ता द्वारा आरोपी को दो चेक जारी किए गए थे, जिन्हें उसने भुना लिया था।" यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त कंपनी के रजिस्ट्रार ने उक्त शेयरों को इस आधार पर स्थानांतरित करने से मना

**आदेश**

● आरोपी ने बिना किसी अधिकार के अपने माता-पिता के शेयर ब्रिकी फार्म पर साइन किए थे

कर दिया था कि स्पॉट सेल ऑर्डर फॉर्म पर विक्रेता के साइन कंपनी के रिकॉर्ड पर नमूना हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते थे। शिकायतकर्ता के वकील ने प्रस्तुत किया कि वह जानता था कि वह उक्त शेयरों का शेयरधारक नहीं था। उन्होंने आगे कहा कि आरोपी ने शेयरों के वैध मालिक नहीं होने के बावजूद उक्त चेकों को भुनाया। शिकायतकर्ता के वकील ऋषभ जैन द्वारा अदालत को बताया कि हर्षद मेहता के घोटाले के आलोक में आयकर विभाग द्वारा उक्त शेयरों में से सैकड़ों को पहले ही कुर्क कर लिया गया था और आरोपी ने बेईमानी से किसी और के शेयरों को बेचने की कोशिश की थी। आपको बता दें कि आरोपी के खिलाफ मैसर्स द्वारा शिकायत दी गई थी और अदालत को बताया कि बिना किसी अधिकार के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करके अवैध रूप से प्रीटेच्ड शेयर बेचने के लिए राजेंद्र प्रसाद शर्मा के खिलाफ शॉपी शेयर करें।पटियाला हाउस कोर्ट ने 90 के दशक के हर्षद मेहता घोटाला मामले में संलग्न शेयरों को बेचने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश ने कहा इस बात से कहीं इनकार नहीं किया गया है कि आरोपी ने भुगतान नहीं लिया है

# सार्वजनिक शौचालय में खुले में पड़ा मिला 50 लीटर तेजाब

## डीसीडब्ल्यू ने आगे की पूछताछ के लिए एमसीडी के अधिकारियों को तलब किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने गुरुवार देर रात मध्य जिले के दरियागंज इलाके में जीबी पंत अस्पताल के सामने सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया। उस दौरान उन्हें वहां अंदर खुले में पड़ा 50 लीटर तेजाब मिला। उन्होंने वहां मौजूद एक कर्मचारी से पूछा कि इतना तेजाब कहां से आया। उचित जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने इस मामले में डीसीडब्ल्यू ने आगे की पूछताछ के लिए एमसीडी के अधिकारियों को तलब किया। शुक्रवार को स्वाति मालीवाल ने अपने ट्विटर अकाउंट से एक वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा है, "कल रात दरियागंज में टॉयलेट निरीक्षण में जो पाया उसे देखकर आप स्तब्ध रह जाएंगे। टॉयलेट में खुले में 50 लीटर एसिड पड़ा मिला, सोचिए इससे कितनी जिंदगियां बर्बाद हो सकती थीं। पुलिस को बुलाकर तेजाब जब्त करवाया गया है। हम एससीडी से इसका जवाब लेंगे और दोषियों पर

**तलब**

● इस मामले में डीसीडब्ल्यू ने आगे की पूछताछ के लिए एमसीडी के अधिकारियों को तलब किया

कार्रवाई होगी।" वीडियो में देखा जा सकता है कि एमसीडी के दरियागंज पब्लिक टॉयलेट का निरीक्षण के दौरान स्वाति मालीवाल कर्मचारियों से पूछती हैं कि, ये क्या है। तब कर्मचारियों की ओर से इसका जवाब मिलता है कि यह तेजाब है, फिर वो पूछती हैं कि इसमें कितना तेजाब है, जिसपर कर्मचारी बताते हैं कि इसमें करीब 50 लीटर तेजाब है। इसके बाद वह मौके पर मौजूद कर्मचारियों से तेजाब को जमीन पर गिराकर दिखाने को कहती हैं और कुछ बूंद तेजाब नीचे गिराते ही उसका असर दिखाई देने लगता है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और तेजाब को जब्त कराया गया। साथ ही एमसीडी अधिकारियों को नोटिस भी दिया गया है।

# एचएएल ने वायु सेना को सौंपा 100वां सुखोई-30

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को 100वां सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान मरम्मत और ओवरहालिंग करने के बाद वायु सेना को सौंप दिया है। इसी के साथ एचएएल ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस का उत्पादन बढ़ाने के लिए तीसरी असेंबली लाइन खोली है, जिसका उद्घाटन देश के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने किया। उन्होंने एचएएल को रक्षा बाजार में आक्रामक रूप से प्रतिस्पर्धा करने और मानव रहित वाहनों जैसे नए क्षेत्रों का पता लगाने के लिए नई पहल करने का आह्वान किया। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने एचएएल के नासिक डिवीजन में आज लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) का उत्पादन करने के लिए नये प्लांट का उद्घाटन किया। इस तीसरी असेंबली लाइन के खुलने से एलसीए के उत्पादन में तेजी आएगी। एलसीए को शुरूआत में एलसीए मार्क-1 और मार्क-1ए के 18 ट्रेनर विमान बनाने हैं, जिसमें से पहले एफओसी ट्रेनर ने 5 अप्रैल को 35 मिनट तक हवा में अपनी पहली उड़ान भरी। एलसीए की दूसरी असेंबली लाइन का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फरवरी, 21 में एचएएल की बेंगलुरु यूनिट में किया था। इसके दूसरे दिन 03 फरवरी को एचएएल से 83 एलसीए विमानों की डील एयरो इंडिया के दौरान हुई थी। एचएएल के नासिक डिवीजन में ही वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई

**▶▶ लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस का उत्पादन बढ़ाने के लिए तीसरी असेंबली लाइन खोली है**

लड़ाकू विमानों की मरम्मत और ओवरहालिंग करके आधुनिकीकरण किया जा रहा है। 100वें सुखोई विमान का सिग्नल आउट सर्टिफिकेट (एसओसी) वायु सेना के असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (इंजी ए) एयर वाइस मार्शल सरीन को सौंपा गया। इस मौके पर मौजूद एचएएल के सीएमडी, सीबी अनंतकृष्णन ने कहा कि नई असेंबली लाइन प्रतिवर्ष एलसीए एमके1ए की उत्पादन क्षमता 16 से बढ़ाकर 24 कर देगी। उन्होंने बताया कि तमाम चुनौतियों के बावजूद एचएएल के नासिक डिवीजन ने प्रति वर्ष 20 सुखोई-30 विमानों की मरम्मत और ओवरहालिंग की है। रक्षा सचिव ने सुखोई-30 एमकेआई के लिए मरम्मत और ओवरहालिंग सुविधा और एलसीए के लिए नई असेंबली लाइन स्थापित करने में एचएएल के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एचएएल देश की सुरक्षा जरूरतों को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में एचएएल और अधिक उत्पादन करेगा। इसके अलावा उन्होंने एचएएल को रक्षा बाजार में आक्रामक रूप से प्रतिस्पर्धा करने और मानव रहित वाहनों जैसे नए क्षेत्रों का पता लगाने के लिए नई पहल करने का आह्वान किया।

# स्वच्छ दूध की आपूर्ति करें सुनिश्चित: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से नागरिकों को स्वच्छ दूध की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा है। साथ ही कोर्ट ने मवेशियों द्वारा किसी भी कचरे का सेवन करने पर रोक लगाने को कहा है। कोर्ट का मानना है कि कचरा खाने से दूध की गुणवत्ता में प्रभाव पड़ सकता है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने एक वकील की याचिका पर यह आदेश दिया है, जिसमें अधिकारियों को दिल्ली के लोगों के लिए स्वच्छ दूध सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय करने के निर्देश देने की मांग की गई है। दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि शहर के निवासियों को स्वच्छ दूध की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए जा रहे हैं और उचित नियम बनाए जा चुके हैं। इसे लेकर अदालत ने कहा कि सरकार के

**▶▶ कोर्ट ने मवेशियों द्वारा किसी भी कचरे का सेवन करने पर रोक लगाने को कहा है। कोर्ट का मानना है कि कचरा खाने से दूध की गुणवत्ता में प्रभाव पड़ सकता है**

रुख को देखते हुए मामले में कोई और आदेश पारित करने की जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा, "राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएगी कि दिल्ली के नागरिकों को स्वच्छ दूध प्रदान किया जाए और मवेशी कचरे, प्लास्टिक, कागजों आदि पर भोजन न करें।

पीठ ने कहा कि इसका गायों द्वारा उत्पादित दूध की गुणवत्ता पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है और साथ ही दूध का सेवन करने वाले लोगों पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है।

**याचिकाकर्ता ने पुलिस आयुक्त से की मांग:** याचिकाकर्ता रितु गौबा ने पुलिस आयुक्त को यह निर्देश देने की मांग की थी कि वह लोक कल्याण के लिए उचित तरीके से इस्तेमाल की जा रही निर्वाचन क्षेत्र की राशि के बयान की जांच करे। उन्होंने शहर के पुलिस प्रमुख को पशु क्रूरता अधिनियम और दंड संहिता के तहत पशुओं की सुरक्षा और देखभाल के लिए नियम बनाने के लिए भी निर्देश देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पुलिस आयुक्त को निर्देश देने की मांग की कि सार्वजनिक प्राधिकरणों के हाथों में सार्वजनिक कोष से मवेशियों के लिए स्वच्छ पेयजल के प्रावधान करने के लिए एक सप्ताह के भीतर कदम उठाएं जाए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कहा कि वह केवल मवेशियों के लिए स्वच्छ पेयजल से संबंधित अपनी प्रार्थना पर जोर दे रही हैं।

# निहारसी में चोरों ने लाखों के जेवर चुराए

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला में चोर दिन दहाड़े बंद पड़े मकानों में सेंध लगा रहे हैं। नग्गल थाना एरिया के अंतर्गत आने वाले गांव नई निहारसी में भी चोर 18 हजार रुपए कैश और 5 तोले सोना घर से चोरी कर लग गए। मकान मालकिन घर पहुंची तो सामान बिखरा मिला। गांव नई निहारसी निवासी जसविंद्र कौर ने बताया कि उसका पति और दोनों बेटे कनाडा और अमेरिका रहते हैं। वह अपनी सास जोगिंदर कौर के साथ रहती हैं। गुरुवार सुबह 8 बजे उसकी सास खन्ना माजरा गुरुद्वारा चली गई। महिला ने बताया कि वह गुरुवार सुबह 11 बजे अपने बेटे के दोस्त कमलप्रीत सिंह के साथ

# एएसआई चांदीराम व बिचोलिया 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ काबू

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अंबाला में पुलिस दलालों के माध्यम से वसूली कर रही है। पिछले 20 दिनों में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अंबाला में 2 मामलों में दलालों समेत रिश्वतखोर पुलिस कर्मचारियों को भी काबू किया है। गतदिवस भी रिश्वत के साथ पकड़े गए अरक चांदी राम और दलाल राजेश कुमार की आज कोर्ट में पेश किया। गुरुवार शाम को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 30 हजार रुपए की रिश्वत के साथ दलाल राजेश कुमार को रंगे हाथों काबू किया था। आरोप है कि सदर थाने में तैनात अरक चांदी राम ने मारपीट के मामले से आरोपियों के नाम निकालने की एवज में दलाल राजेश के माध्यम से 30 हजार रुपए की डिमांड की थी। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, शंटी अपने भाई संदीप के साथ आया था। उनके खिलाफ सदर पुलिस थाने में 12 जनवरी को मुकदमा नंबर 18 दर्ज है, जिसमें धारा 147, 149, 323, 341 और 506 लगी हुई है। इस मामले में शंटी और संदीप समेत 3 आरोपियों की जमानत हो चुकी है, लेकिन अन्य 10 के नाम केस से निकालने की एवज में अरक चांदी राम ने दलाल राजेश के जरिए 30 हजार रुपए रिश्वत की डिमांड की थी। 18 दिन पहले विजिलेंस की टीम ने दलाल के माध्यम से 10 हजार रिश्वत लेने के आरोप में बलदेव नगर चौकी प्रभारी रक समर्पित को गिरफ्तार किया था। दलाल अनीत कुमार के कब्जे से अइउ ने 10 हजार रुपए रिश्वत भी बरामद की थी।

# वैज्ञानिक एवं तर्कसंगत दृष्टिकोण के साथ पाठ्यक्रमों में सुधार आवश्यक: अभाविप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने कहा कि देश के सभी शैक्षणिक संस्थानों के पाठ्यक्रम वैज्ञानिक, तर्कसंगत तथा समग्रता की दृष्टि से युक्त होने चाहिए। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारतीय इतिहास को समग्रता से पढ़ाया जाना चाहिए, न कि उसे केवल दिल्ली केन्द्रित या केवल एक सल्तनत के शासनकाल के एक ही पक्ष तक केन्द्रित किया जाना चाहिए। पूर्व में ऐसा करके तथाकथित बुद्धिजीवियों ने देश की आशाओं तथा इतिहास के साथ न्याय नहीं किया। देश की शिक्षा व्यवस्था में सभी स्तरों पर पाठ्यक्रमों का अद्यतन किया जाना तथा पूर्व में हुई भूलों को सुधारा जाना बहुत आवश्यक हो गया है। एनसीईआरटी तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों द्वारा इस दिशा में उचित प्रयास हो रहे हैं। वामपंथियों सहित अन्य एजेंडावादियों को हर बदलाव को अपने चश्मे से देखने की पुरानी गलत आदत बदलनी होगी।


**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई-निविदा सूचना सं0 01/2023-24 (खुली)/उमुइं-II/एमसीएफ/आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर-II, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है।, **क्रम सं:-1, कार्य का नाम:-** फैक्ट्री क्षेत्र के अन्दर बोगी शॉप के पेंट सेक्शन में टी एंड पी के लिए केबिन का प्रावधान।, **निविदा सं0:-** 01/2023-24, **अनुमानित लागत लाख में:-**1404407.23, **निविदा खुलने की तिथि:-**02.05.2023, **कार्य समापन की अवधि:-** 06 माह, • निविदाकार निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है। और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। • अधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **उप मुख्य इंजीनियर-II**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं एमसीएफ/आरबीएल/टेंडर/एस डब्लू इ डब्लू लेव एस डब्लू और रूफ बियरर्स का निर्माण/ 2023-24/सी598ए दिनांक:- 05.04.2023, आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:- **कार्य का नाम:-** कार्यक्षेत्र के अनुसार साइड वॉल, एंड वॉल, लैव साइड वॉल और रूफ बियरर्स का निर्माण।, **कार्य की अनुमानित लागत (₹):-** 1,27,78,915.02, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):-** शून्य, **अमानत राशि:-** ₹2,13,900.00 (₹ दो लाख तेरह हजार नौ सौ) मात्र।, **कार्य की मात्रा:-** शेड्यूल के अनुसार।, **कार्य समापन की अवधि:-** 12 माह।, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:-** दिनांक 27.04.2023 को 15:00 बजे • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



आज़ादी का अमृत महोत्सव **उत्तर रेलवे** G20

**ई-टेंडरिंग**

**खुली निविदा संख्या एनआईटी-02/2023-24 दिनांक 06.04.2023**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए **15.00 बजे** तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीपीएम/जीएस/अंबाला के तहत अंबाला डिवीजन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पटियाला, धुरी, संगरूर, मलेरकोटला, अबोहर स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के संबंध में फैकेड लाइट का प्रावधान | रु. 1,22,47,869.65 | रु. 2,11,200.00 | 06 महीने | 01.05.2023 |
| 2 | सीपीएम/जीएस/अंबाला के तहत अंबाला डिवीजन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सरहिंद, नंगलदम, आनंदपुर साहिब, अंब अंदौरा, रोपड़ स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के संबंध में फैकेड लाइट का प्रावधान | रु. 1,22,47,869.65 | रु. 2,11,200.00 | 06 महीने | 01.05.2023 |
| 3 | सीपीएम/जीएस/अंबाला के तहत अंबाला डिवीजन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला सिटी, साहिबजादा अजीत सिंह नगर, कालका स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के संबंध में फैकेड लाइट का प्रावधान | रु. 1,87,52,804.09 | रु. 2,43,800.00 | 06 महीने | 01.05.2023 |

**1.** निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **2.** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **3.** कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **4.** विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **5.** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **1066/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

## एजेण्डा/मुनादी सूचना

**आप सभी को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत इस्लामपुर के मौजा मुबारकपुर में कृषिआवंटन एवं आवासीय आवंटन हेतु भूमि प्रबंधक समिति की बैठक पंचायत घर रामनगर पर 13/04/2023 को समय 12 बजे ग्राम प्रधान पूजा देवी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। अतः सभी सदस्यों से अनुरोध है कि भूमि प्रबंधक समिति की बैठक में समय से भाग लेने का कष्ट करें।**

लेखपाल
बबलू सैनी
मौजा मुबारकपुर

श्रीमती पूजा देवी
प्रधान
ग्राम पंचायत इस्लामपुर

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### दुकानदार को 5 हजार की जगह भेजा 50 हजार का फर्जी मैसेज, खाते में वापस डलवा लिए 45 हजार

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में इनवर्टर दुकानदार को 5 हजार की जगह 50 हजार रुपये का फर्जी मैसेज भेजकर उनसे खाते में 45 हजार रुपये वापस डलवाकर ठगी कर ली गई। जब उन्होंने रुपये वापस भेजे तो ठगी का पता लगा। जिसके बाद पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने धोखाधड़ी व चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-13 निवासी महेश कुमार ने बताया कि वह इनवर्टर और बैटरी की दुकान चलाते है। उनके पास 30 मार्च को एक नंबर से कॉल आई थी। जिसने कहा कि वह इनवर्टर लेना चाहते है। इसके लिए वह किसी को भेज रहे हैं। साथ ही कहा कि आपके खाते में 5 हजार रुपये ट्रांसफर करने है। इसके लिए अपना बैंक खाता नंबर बता दीजिए। महेश ने बताया कि इसके बाद उनके मोबाइल पर 50 हजार रुपये जमा होने का एक मैसेज आया। जिसके बाद उनके पास फिर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि उसने गलती से 5 हजार रुपये की जगह 50 हजार रुपये भेज दिए हैं। साथ ही अपने 45 हजार रुपये वापस मांगने लगा। इसके लिए उसने एक क्यूआर कोड भी भेज दिया। महेश ने बताया कि उन्हें लगा कि उससे गलती हो गई और उन्होंने उस क्यूआर कोड को स्कैन कर 45 हजार रुपये भेज दिए। जिस पर उनके खाते से 45 हजार रुपये कटने का मैसेज आया। उन्होंने देखा कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने उनके पास कोई रुपये नहीं भेजे है। उनके पास फर्जी मैसेज भेजकर उनसे 45 हजार रुपये ठग लिए गए। तब उन्हें ठगी का पता लगा। जिस पर मामले से पुलिस को अवगत कराया।

### फाइनेंस कंपनी की कर्मी से मोबाइल झपटा

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र के पॉश इलाके सेक्टर-15 में एमजी मॉल के बाहर खड़ी होकर सवारी का इंतजार कर रही फाइनेंस कंपनी की कर्मी से बाइक सवार झपटमार मोबाइल छीनकर भाग गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। सेक्टर-27 थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूलरूप से उत्तराखंड के जिला पौड़ी के गांव कटरा फिलहाल सेक्टर-15 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी भूमिका शर्मा ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया कि वह एमजी मॉल स्थित बजाज फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है। वह वीरवार देर शाम ड्यूटी कर घर जाने को निकली थी। वह एमजी मॉल के सामने खड़ी होकर सवारी का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक वहां पर पहुंचे। बाइक सवार युवक जिसने चेहरे पर संतरी परना लपेट रखा था उसने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया। उसके बाद झपटमार वहां से भाग गए। उन्होंने शोर भी मचाया, लेकिन उन्हें पकड़ा नहीं जा सका। वह बाइक का नंबर नहीं देख सकी। जिस पर पुलिस को अवगत कराया।

### बहन के घर आए युवक की मोटर साइकिल चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में कालूपुर क्षेत्र में बहन के बाहर आए युवक की मोटरसाइकिल चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव नसीरपुर निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि वह अपनी बहन के घर कालूपुर में गया हुआ था। अपनी मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ी करके अंदर चला गया। वापिस बाहर आया तो उसकी मोटरसाइकिल गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी नवदीप सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### पावर हाउस से ऐलुमुनियम कंडक्टर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव हरसाना स्थित पाव हाउस से बिजली निगम के कंडक्टर चोरी होने का मामला सामने आया है। विभाग के एसडीओ ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हरियाणा विधुत प्रसारण निगम लिमिटेड में कार्यरत एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि विभाग की पुरानी लाइनों से उतारा हुआ ऐलुमुनियम कंडक्टर 132 केवी जिसे हरसाना पावर हाउस में रखा हुआ था। गत 1 अप्रैल को किसी ने यार्ड की जाली काटकर कंडक्टर चोरी कर लिए। करीब 3600 मीटर कंडक्टर गायब मिला। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी तरूण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# एक लाख हेक्टेयर से अधिक में होगी 'श्री अन्न' की खेती

## ज्वार, बाजरा, मक्का, कुट्टू, रागी, कोदो, सावा आदि क्रॉप हैं मिलेट में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा/लोकेश चौधरी**
**मोटे अनाज** का उत्पादन दो गुना करने का लक्ष्य तय किया गया है। आठ प्रकार के प्रमुख मिलेट के उत्पादों को बढ़ावा देना है। जनपद मथुरा का वातावरण एवं मौसम मिलेट के उत्पादन के लिए अनुकूल है। मिलेट की खेती हेतु सूखा मौसम, ज्यादा तापमान, कम पानी तथा कम लागत होता है। इस प्रयास से किसानों की आय भी दोगुनी होगी। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में मिलेट के उत्पादन को बढ़ाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए को कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी किसानों को प्रोत्साहित करे और उन्हें श्री अन्न को उगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने लक्ष्य रखा की हमें जनपद में मिलेट के प्रोडक्शन को दोगुना करना है तथा एक लाख हेक्टेयर से अधिक जमीन पर मिलेट को लगाना है। किसानों को श्री अन्न उगाने के लिए अधिकाधिक जागरूक किया जाएगा। मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कुटकी, कोदो आदि अनाजों में प्रोटीन, वसा, लौह, रेशा, कैल्शियम, जिंक आदि की भरपूर मात्रा रहती है, जो हमें स्वस्थ्य रखती है। इसके नियमित सेवन से शरीर में इम्युनिटी बढ़ती है तथा हमें कई रोगों से परे रखती है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम बनाने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागीध्मडुआ, सांवा, कुटकी, कोदो, कंगनी आदि स्वास्थ्य के लिए अतिमहत्वपूर्ण है और विभिन्न बीमारियों को दूर करता है। इन अनाजों के सेवन से व्यक्ति हष्टपुष्ट तथा बच्चों में विभिन्न प्रकार की पोषणयुक्त कमियां दूर हो जाती है। इन फसलों को उगाने से कृषकों को भी लाभ होता है तथा कम पानी में फसल तैयार हो जाती है।



> ज्वार, बाजरा, मक्का, कुट्टू, रागी, कोदो, सावा आदि क्रॉप की खेती किसानों के लिए लाभदायक है तथा इनका सेवन करने से लोग भी स्वस्थ्य रहते है। मिलेट के फायदों को लोगो को बताएं। मिलेट का सेवन से हमे फाइबर, आयरन, विटामिन, प्रोटीन, कैल्शियम आदि मिलता है। मिलेट खाने से मानसिक एवं मोटापे से भी निजात मिलता है।
> -पुलकित खरे, जिलाधिकारी मथुरा

# हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**हैप्पी** चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल जीटी रोड़ पर शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया । इस अवसर पर स्कूल के निदेशक संजय नागपाल ने कहा कि खराब खानपान के कारण हम बहुत सी बीमारियों की पकड़ में आ जाते है। उन्होंने बताया कि 1948 में विश्व हेल्थ ऑगेनाईजेशन द्वारा 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस भविष्य को रोग मुक्त बनाने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अपेंडिक्स, लीवर में गड़बड़ी, गैस व एसीडिटी की समस्या बहुत हो रही है। स्कूल की प्रधानाचार्या उषा मलिक ने अपने सम्बोधन में कहा कि अनियमित व अनियंत्रित खानपान, दूषित पानी, प्रदूषण व तनाव के कारण गैस की समस्या होती है तो लीवर संबंधित रोग अल्कोहल के सेवन से होते हैं। विद्यार्थियों ने शुद्ध व पौष्टिक आहार लेने का प्रण लिया। इस मौके पर स्कूल की चेयरमैन रीटा नागपाल ने कहा कि अगर हम स्वस्थ नहीं है तो हमारे सामने रखे लजीज व्यंजन, धन-दौलत, घर, गाड़िया सब मिट्टी के समान है। इसलिए खानपान में विशेष एतिहायत बरते।

# स्वस्थ रहने के लिए योग व आयुवेदिक पद्धति को बढ़ावा दें: डा. सतपाल



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**आयुष** विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सतपाल के नेतृत्व में योग एवं आयुर्वेदिक व एक्यूपरेशर चिकित्सा कार्यक्रम के तहत खिजरपुर अहीर माजरा में जागरूक शिविर लगाया गया। शिविर में आई महिलाओं के लिए बैठने तक की जगह उपलब्ध न होने के कारण अधिकारी ने भी महिलाओं के खड़े हुए ही जागरूक किया। आयुष योग सहायक रितू, सुनील, वरूण, अनिल ने डा. का बूका देकर स्वगत किया। डा. रजनीश वर्मा ने कहा कि एक्यूपंक्रर की तरह ही एक्यूप्रेशर भी एक तरह की स्पर्श चिकित्सा यानी टच थेरेपी है। शरीर में कुछ ऐसे प्रेशर प्वाइंट्स होते हैं, जहां दबाव पड़ने से शरीर के अलग-अलग अंगों में दर्द और खिंचाव जैसी परेशानियों को हल किया जा सकता है। कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए आयुष विभाग समय-समय पर शिविरों का आयोजन कर औषधियाँ पहुँचाने का कार्य किया। सरकार की दूरगामी सोच के अनुरूप आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में जड़ी-बूटियों एवं औषधियों का अपार भंडार है, जिनके माध्यम से लोगों को रोजगार से भी जोड़ा जा रहा है। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का लाभ जन-जन को प्राप्त हो रहा है।

# सोशल साइटों की मदद से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे साइबर ठग

**सोनीपत: जिले** में सोशल साइटों पर परिचितों की फोटो लगाकर मदद के नाम पर ठगी करने के मामले सामने आने लगे है। इस ठगी के खेल में खाकी के जवान तक को अपना शिकार ठगों ने बना लिया। दो माह में दूसरे पुलिसकर्मी को ठगी का शिकार बनाने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के नायब रीडर की ई-मेल आईडी हैक कर फर्जी व्हाट्सएप पर उनकी प्रोफाइल फोटो लगाकर उनके चचेरे भाई व दो दोस्तों से 55 हजार रुपये ऐंठ लिए गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। सेक्टर-27 थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हवलदार आजाद सिंह ने बताया कि वह एसीपी शहर-2 के कार्यालय में बतौर नायब रीडर तैनात है।

# वृंदावन में वीक एण्ड पर 'हांफ जाता है ट्रैफिक प्लान'




**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**वृंदावन** में लागू ट्रैफिक प्लान कान्हा की नगरी में वीक एण्ड पर हांफता हुआ नजर आता है। जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए प्रशासन आए दिन नए नए प्रयोग कर रहा है। बावजूद इसके वृंदावन में ट्रैफिक संचालन वीक एण्ड पर पटरी से उतर जाता है। वहीं स्थानीय लोग भी इस प्रतिदिन के लगने वाले जाम से प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को गुड फ्राइडे होने के चलते सरकारी अवकाश था और शुक्रवार की सुबह से ही कान्हा की नगरी जाम के झाम में फंसी हुई नजर आई। जगह जगह ई रिक्शा और बाहर से आने वाली चार पहिया गाड़ी कतार बंद नजर आई। वैसे तो वृंदावन नगरी में बाहर से आने वाले वाहनों पर प्रतिबंध है, लेकिन उसके बावजूद भी बाहर से आने वाले वाहन वृंदावन की गलियों में जगह जगह आपको देखने को मिल सकते हैं। यह जाम की स्थिति पहले, तो सिर्फ वीकेंड के समय ही वृंदावन में देखने को मिलती थी, लेकिन अब प्रतिदिन यह स्थिति देखने को मिल रही है। वही ब्रज वासियों की मानी जाए तो बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं ने कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन को होलीडे पॉइंट बना लिया है। ब्रज वासियों का कहना है, कि बाहर से आने वाले श्रद्धालु वृंदावन में भक्ति भावना के इरादे से नहीं आ रहे है।

# पाइट में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया, सावधानियां बरतकर बचा सकते हैं जान




**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**
**बिना** किसी कारण से अगर पसीना आता है तो आपको उसी समय सावधान हो जाना चाहिए। डॉक्टर से चेकअप कराएं। हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है। हमें अपने दिल को सुरक्षित रखना बेहद आवश्यक है, क्योंकि यहीं से शरीर में खून का सकुर्लेशन होता है। यह बात जिंदल नर्सिंग होम से डॉ.आरपी जिंदल ने यहां पाइट में आयोजित विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम में कही। फामेर्सी विभाग की ओर से इंडियन फार्मासिटिकल एसोसिएशन स्टूडेंट फॉर्म एवं रोटरी पानीपत सेंट्रल क्लब ने कार्यक्रम का आयोजन किया। हेल्थ फॉर ऑल थीम पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।
डॉ.आरपी जिंदल ने कहा कि हम छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर मरीज की जान बचा सकते हैं। अगर किसी को हार्ट अटैक आ जाता है तो उसके सीने को दबाएं। मुंह से सांस दें। मिर्गी का दौरा पड़ने पर उसके आसपास की जगह को खुली रखें। हवा आने दें। अगर कोई जानवर काट ले तो उस जगह को पानी से बार-बार धोएं, इससे 90 प्रतिशत तक इन्फेक्शन खत्म कर सकते हैं। आइएमए के जिला प्रधान एवं एआर मित्तल अस्पताल से डॉ.अनिल मित्तल ने कोविड से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि सांस लेने में दिक्कत हो तो जांच कराएं। आइबीएम अस्पताल से डॉ.गौरव श्रीवास्तव ने मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य पर फोकस दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन से दूर रहें। बच्चों को भी इसकी आदत न डलने दें। मनोचिकित्सक डॉ.अंकुर सिंघल ने कहा कि रूटीन में एक्सरसाइज करो। उन्होंने भी मोबाइल से दूरी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वाइस चेयरमैन राकेश तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, फामेर्सी विभाग से प्रिंसिपल डॉ.दीपक प्रभाकर भागवत, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.बीबी शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। रोटरी पानीपत सेंट्रल क्लब से प्रधान विभास कैला, इंद्रजीत गेरा, विवेक खुराना, राजीव सेठ मौजूद रहे।

**बच्चे खाना नहीं खाते, क्या करें**
पाइट के सचिव सुरेश तायल ने पूछा कि बच्चों को अच्छी आदतें कैसे डालें। अब तो बच्चे खाना खाने से मना कर देते हैं। इस पर डॉ.अंकुर ने कहा कि बच्चों के साथ परिवार के सदस्य समय बिताएं। उनके मनोविज्ञान को समझें। खुद मोबाइल से दूर रहेंगे तो बच्चे भी इसे हाथ नहीं लगाएंगे। डॉ.डेजी ने सप्लीमेट पर सवाल पूछा। बड़ी उम्र वालों को साल में दो बार चेकअप जरूर कराना चाहिए।

# विधायक महीपाल ढांडा ने जनता दरबार में सुनी सैकड़ों लोगों की समस्याएं



**पानीपत: पानीपत ग्रामीण** हलका विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष महीपाल ढांडा ने शुक्रवार को रेस्ट हाउस में जनता दरबार लगाया। जिसमें उन्होंने सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन करके ज्यादातर समस्याओं का समाधान करवा दिया गया। इस मौके पर विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि ग्रामीण हलके के लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा रहा है। जनता दरबार में जो भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर आते है तो तुरंत उसका समाधान करवाने का पूरा प्रयास किया जाता है। वहीं महीपाल ढांडा ने कहा कि ग्रामीण हलके की सभी कालोनियों व गांवों का चहुंमुखी विकास करवाया गया है और अभी भी हलके में विकास कार्य जारी है। हलके में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने देंगे। इस मौके पर डिप्टी मेयर रविंद्र फूले, पार्षद शिवकुमार शर्मा, पूर्व सरपंच जगबीर मलिक निंबरी, पूर्व सरपंच रामरतन महराना, निगरानी समिति सदस्य बिटू सरदार, सुरेश गुंबर, प्रदीप चौहान पूर्व चेयरमैन, राजबीर मलिक राजाखेड़ी, राजपाल हरीनगर, पवन खंडरा, प्रेम बाल्मीकि,संदीप कश्यप, पप्पू प्रजापति, कपिल राणा, देवेंद्र कादियान व जितेंद्र अहलावत आदि मौजूद रहे।

# नाट्क के माध्यम से बच्चों ने नशीले पदार्थों से दूर रहने के प्रति जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**खेड़ी** रोड स्थित बी आर ग्लोबल स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य की देखभाल करने हेतु भाषण तथा पोस्टर के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रेलवे स्टेशन , सिविल अस्पताल तथा शिव मंदिर के पास नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इसके माध्यम से बच्चों ने लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने की अपील की और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। लोगों ने विद्यार्थियों के प्रयास की बहुत सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा पहल ने भी विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे भी अपने जीवन को सादगी से जिएं और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# प्रयास: ई रिक्शा संचालन के लिए चार जोन में बांटा गोवर्धन



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**भीडभाड** वाले क्षेत्रों में यातायात को संचालित करने के लिए गोवर्धन में प्रयोग किया गया है। प्रयोग सफल होने पर इसे दूसरे भीडभाड और जाम से जूझ रहे स्थलों पर भी लागू किया जा सकेगा। गोवर्धन को ई रिक्शा संचालन के लिए चार जोन में बांटा गया है। नए ट्रैफिक प्लान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब परिक्रमा मार्ग ग्रीन जोन में 400 ई रिक्शा ड्रेस कोड में संचालित होंगे। इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को सुगम यातायात और स्थानीय लोगों को सहूलियत मिलेगी। बिना अनुमति के ई रिक्शा के संचालन होने पर कार्रवाई की जाएगी। डीएम पुलकित ने गोवर्धन में ई रिक्शा के नए ट्रैफिक प्लान को हरी झंडी दिखाकर लागू कराया। गिरिराज परिक्रमा में ई रिक्शा संचालन की व्यवस्था को चार जोन में विभाजित किया गया है। पहले चरण में ग्रीन जोन गिरिराज परिक्रमा मार्ग में महज 400 ई रिक्शा के संचालन की अनुमति दी गई है। दूसरे चरण में परिक्रमा के आउटर में रेड जोन, येलो जोन और नारंगी जोन में 600 ई रिक्शा के संचालन की अनुमति दी जाएगी। डीएम ने पहले चरण ग्रीन जोन परिक्रमा मार्ग में चलने वाले 400 ई रिक्शा संचालकों को ड्रेस कोड वितरण कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। डीएम पुलकित खरे ने कहा चेतावनी देते हुए कहा कि अनुमति से अधिक ई रिक्शा के संचालन पर कार्रवाई की जाएगी। राधाकुंड परिक्रमा से गोवर्धन आने वाले ई रिक्शा बागड़ी प्याऊ से डीएवी एकता तिराह होते हुए सौंख अड्डे पहुंचेंगे। दानघाटी मंदिर की ओर ई रिक्शा के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी।

# मोनिका का गुमड़ गांव में किया अंतिम संस्कार

## आरोपित सुनील ने अपने साथी से वारदात को अंजाम देने के लिए मांगी थी गाड़ी





**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**मोनिका हत्याकांड** में मोनिका के परिजनों की सहमति के बाद शुक्रवार को गुमड़ गांव के शमशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं परिजनों ने पुलिस से न्याय की मांग की। परिजनों का कहना था कि वे पुलिस से मिले आश्वाशन के बाद अपनी बेटी का अंतिम संस्कार कर रहे है। दूसरी तरफ हत्या के आरोपित सुनील उर्फ शीला को रिमांड अवधि के दौरान भिवानी सीआईए 2 की टीम पहुंची थी। पुलिस ने मृतका सोनिया के कंकालों के साथ पोस्टमार्टम के दौरान बरामद हुई कानो की बाली, चुड़ी, कपड़े आदि गन्नौर पुलिस स्टेशन के मालखाने में रखवाएं।
**गांव आहुलाना में 29 जून 22 को मारी थी मोनिका के सिर में गोली:** रिमांड अवधि के दौरान पुलिस की निशानदेही में सामने आया कि आरोपित सुनील उर्फ शीला मृतका सोनिया को समालखा से अपने दोस्त की मांग की गाड़ी में लेकर चला और चुलकाना से होते हुए जब आहुलाना गांव में पहुंचा तो उस समय तक अंधेरा हो चुका था तो उसी दौरान बातों में लेते हुए गाड़ी रोक ली और उसके सिर में दो गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद रात को ही उसे अपने फार्म हाऊस ले आया। सीआईए टू भिवानी प्रभारी रविन्द्र ने बताया कि आरोपित सुनील उर्फ शीला उससे पहले गड्ढा खुदवाने के लिए सोनीपत से मजदूरों को लेकर आया था ताकि यहां के मजदूरों से काम करवाने में उनकी पोल न खुल जाए। हत्यारोपित सुनील ने सोनिया को गड्ढे में डालकर उसके ऊपर थोड़ी मिट्टी डाल दी कि किसी को पता न चले कि गड्ढे में कुछ डाला गया है। अगले दिन गड्ढे को पूरी तरह से मिट्टी डालकर उसके ऊपर हरि घास लगवा दी।

# 'गढ़ी कला गांव में कार्यवाहक सरपंच चुनने के लिए जल्द बुलाई जाएगी पंचों की बैठक'

## दो मार्च को हुई बैठक में कार्यवाहक सरपंच चुनने के लिए पंचों में सहमति नही बन पाई थी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**समाज शिक्षा** एवं पंचायत अधिकारी जयभगवान ने बताया कि गांव गढ़ी कलां में कार्यवाहक सरपंच चुनने के लिए एक बार फिर जल्द ही पंचों की बैठक बुलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछली बैठक में पंचों में सहमति न बनने के चलते कार्यवाहक सरपंच नही चुना जा सका था। एसईपीओ ने उक्त गांव के निवनिर्वाचित सरपंच को फर्जी अनूसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवाकर चुनाव लड़ने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को बीडीपीओं कार्यालय में कार्यवाहक सरपंच बनाने के लिए सभी पंचों को बुलाया गया। जयभगवान ने बताया कि एसडीएम डा. अनुपमा मलिक की मौजूदगी में ग्राम पंचायतों के 9 मैम्बरों की आपसी सहमति न बनने के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया। ज्ञात रहे कि पूर्व सरपंच पर हिंदू राजपूत होने के बावजूद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर चुनाव लड़ने का आरोप गांव के शिकायतकर्ता दीपक ने लगाते हुए मामले की शिकायत मुख्य चुनाव आयुक्त, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, उप मुख्यमंत्री, जिला उपायुक्त, एसडीएम व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को देने के साथ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी।

> **पिछली बैठक में पंचों में सहमति न बनने के चलते कार्यवाहक सरपंच नही चुना जा सका था**

## संपादकीय

# भारतीय वैदिक शिक्षा

**भारत** में प्रागैतिहासिक वैदिक तथा सनातनी शिक्षा तथा ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। हमें अपनी वैदिक सनातनी परंपराओं शिक्षा के विराट स्वरूप एवं संस्कृति पर सदैव गर्व होना चाहिए। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्त्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है। भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है।

भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है' शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है।

# श्रीराम के वनवासी जीवन का गवाह तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

> "इस मार्ग पर दर्शनीय देवालय स्थित है। इसमें राम मुहल्ला, मुखारबिंद, साक्षी गोपाल, भारत-मिलाप (चरण-पादुका) एवं पीली कोठी अधिक महत्वपूर्ण है। नवीन निर्मित कुछ देवालय परिक्रमा मार्ग की पौराणिक कथाओं से जुड़े होने का छलावा भी करते है। कामदगिरी पर्वत पर लक्ष्मण पहाड़ी भी स्थित है। यहां पैदल 250 सीढियां चढ़कर या रोप वे की मदद से पहुचा जा सकता है। लक्ष्मण पहाड़ी पर श्रद्धालु अपने सपनो के महल की कामना भी करतें है। इस पहाड़ी से चित्रकूट शहर को सम्पूर्णता से देखा जा सकता है। कामदगिरी की 5 किलोमीटर की परिक्रमा श्रीराम के वनवासी जीवन से जुड़े अनेकों प्रसंगों से परिचित कराती है। चित्रकूट यात्रा के दौरान हनुमान धारा के दर्शन का भी बहुत महत्व है। कथानुसार श्रीराम के राज्याभिषेक के बाद माता सीता अतिप्रसन्न थी"

**भारतीय ज**नमानस के श्रद्धापुंज मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के वनवासी जीवन के सम्बंध में अनेकों कथाएं प्रचलित है। इन कथाओं से रूबरू होने का अवसर चित्रकूट यात्रा के दौरान मिला। यहां पहुचने के लिए इंदौर से रेल के माध्यम से यूपी के चित्रकूट कर्वी रेलवे स्टेशन पर जब उतरे तो रामनवमी के शुभ अवसर पर चित्रकूट के दर्शन कर जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से सामना हुआ। यह रेलवे स्टेशन अपेक्षाकृत बेहद छोटा नजर आया जिसके बडे स्टेशन के रूप में विकसित किये जाने की आवश्यकता भी प्रतीत हुई। रेलवे स्टेशन से चित्रकूट के लिए आते-जाते समय राज्यों की सीमा का अहसास ई-रिक्शा चालकों के द्वारा कराया गया यूपी के रिक्शा चालकों ने एमपी की सीमा तक फिर यहां से एमपी के रिक्शा चालकों ने विश्राम गृह तक पहुचाया। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सीमा पर स्थित ऐतिहासिक तीर्थ चित्रकूट की विशेषताओं में यह भी ध्यान रखने वाली बात है कि आप कब एमपी में और कब यूपी की सीमाओं में प्रवेश कर जाते है, पता ही नही चल पाता। यह एहसास स्थानीय नागरिकों की शिकायतों से होता है। मध्यप्रदेश स्थित तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट के स्थानीय रहवासी वैभव त्रिपाठी के अनुसार तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट का अधिकांश भाग एमपी की सीमा में है। जिसका विकास उस तरह नहीं हुआ जैसे यूपी की सीमा में स्थित चित्रकूट का हुआ है। यह पावन धरा श्रीराम के जीवन की कथाओं का बोध कराने वाली है। अतएव यहां सीमाओं के बंधनों को तोड़कर समान रूप से विकास किया जाना चाहिए। तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट की यात्रा का शुभारंभ रामघाट में स्नान के साथ ही होता है। मंदाकिनी नदी पर स्थित सुंदर रामघाट का नजारा बरबस ही आकर्षित करता है। इस घाट पर प्रभु श्रीराम नित्य स्नान किया करते थै। श्री राम ने अपने पिता दशरथ का पिंडदान भी रामघाट पर ही किया था। इस घाट से जुड़ा गोस्वामी तुलसीदास का जगत प्रसिद्ध दोहा जो चित्रकूट की ऐतिहासिकता का प्रमाण है। वह दोहा है चित्रकूट के घाट पर भई संतन की भीड़, तुलसीदास चंदन घिसें तिलक देत रघुवीर। रामघाट के बाहरी सौंदर्य ने तो मन मोह लिया, किंतु मंदाकिनी नदी के जल और घाट की व्यवस्थाओं ने स्थानीय प्रबंधन की कमजोरी को उजागर भी किया। पवित्र मंदाकिनी का जल काला और प्रदूषित नजर आया। ऐसा लगा मानो



मंदाकिनी में आसपास कारखानों का प्रदूषित जल आकर मिल रहा है जो इस पवित्र नदी के जल को प्रदूषित कर रहा है। मंदाकिनी के जल को साफ, स्वच्छ और निर्मल बनाए जाने की बेहद आवश्यकता है। घाट पर कहीं कहीं गंदगी भी दिखाई दी। रामघाट स्थित मंदाकिनी में स्नान ध्यान के बाद कामदगिरी पर्वत की परिक्रमा का क्रम है।क्रमानुसार प्रथम मुखारबिंद से कामदगिरी की यात्रा प्रारंभ की। कामदगिरी की यह परिक्रमा 5 किलोमीटर की है। इस परिक्रमा के महत्व को रामायण की पौराणिक कथा में भी प्रदर्शित किया है, जिसके अनुसार जब मयार्दा पुरुषोत्तम ने इस पर्वत से आगे बढ़ने की ठानी तो पर्वतराज चिंतित हो गए उन्होंने अपनी चिंता से श्रीराम को अवगत कराया कि प्रभु आपके रहते ही मेरी पूछ परख है, आपके जाने के बाद मेरा क्या होगा तब भगवान श्रीराम ने पर्वतराज को आशीर्वाद दिया कि जो कोई भी इस पर्वत की परिक्रमा पूर्ण करेगा उसकी हर मनोकामनाएं पूरी होगी। तब से इस पर्वत की परिक्रमा की परंपरा जारी है। इस पर्वत का नाम भी कामदगिरी रखा गया। परिक्रमा मार्ग अत्यंत सुंदर है। एमपी एवं यूपी दोनों राज्यो की सीमाओं से होकर परिक्रमा मार्ग गुजरता है। सम्पूर्ण मार्ग पक्का है। परिक्रमावासियों के लिए बरसात और धूप से बचने के लिए छांव हेतु मजबूत शेड बनाए गए है। स्थानीय दुकानदारों की प्रतिस्पर्धा भी साफ नजर आती है। अनेकों दुकानदारों ने अपना सामान परिक्रमा मार्ग तक भी फैला रखा है। परिक्रमा मार्ग पर कुछ स्थानों पर गंदगी को दूर किये जाने की भी आवश्यकता महसूस हुई। कुछ स्थानों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था भी बेहद जरूरी जान पड़ी रही थी। बोतल बन्द पेयजल की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए। प्लास्टिक की खाली बोतलों से कामदगिरी पर्वत के पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। इस मार्ग पर दर्शनीय देवालय स्थित है। इसमें राम मुहल्ला, मुखारबिंद, साक्षी गोपाल, भारत-मिलाप (चरण-पादुका) एवं पीली कोठी अधिक महत्वपूर्ण है। नवीन निर्मित कुछ देवालय परिक्रमा मार्ग की पौराणिक कथाओं से जुड़े होने का छलावा भी करते है। कामदगिरी पर्वत पर लक्ष्मण पहाड़ी भी स्थित है। यहां पैदल 250 सीढियां चढ़कर या रोप वे की मदद से पहुचा जा सकता है। लक्ष्मण पहाड़ी पर श्रद्धालु अपने सपनो के महल की कामना भी करतें है। इस पहाड़ी से चित्रकूट शहर को सम्पूर्णता से देखा जा सकता है। कामदगिरी की 5 किलोमीटर की परिक्रमा श्रीराम के वनवासी जीवन से जुड़े अनेकों प्रसंगों से परिचित कराती है। चित्रकूट यात्रा के दौरान हनुमान धारा के दर्शन का भी बहुत महत्व है। कथानुसार श्रीराम के राज्याभिषेक के बाद माता सीता अतिप्रसन्न थी। वें सभी को इच्छानुसार आशीर्वाद दे रहीं थी। इस दौरान उन्होंने हनुमान जी पूछा कि आप उदास क्यों है। तब हनुमान जी ने कहा माते लंका दहन के बाद से मेरे ह्दय में जलन सी है, आप उसे शीतलता प्रदान करें। तब माता सीता ने हनुमान जी से चित्रकूट के इस पर्वत पर स्थापित होने को कहा तब से हनुमान जी के बाएं हाथ से शीतल धारा गिरकर शरीर से होते हुए दो कुंडों में विलोपित हो गयी है। यह धारा 24 घण्टे एक समान गिरते रहती है। यह धारा कहा से आई और कहा वापिस गयी ज्ञात नही हो पाया है। इस हनुमान धारा पर्वत पर सीता की रसोई नामक स्थान भी है। कहते है वनवास के दौरान माता सीता श्रीराम के लिए यहीं रसोई बनाती थी। स्फटिक शिला की भी अपनी कहानी है और सती अनुसुइया की कथा भी जनसामान्य में खासी प्रचलित है। सती अनुसुइया ने सीता जी को पति धर्म का ज्ञान कराया था। कहते है सती अनुसुइया के कठोर तप ने ही चित्रकूट में मंदाकिनी नदी को अवतरित कराया। मंदाकिनी नदी को गंगा नदी की बहन के रूप में भी जाना जाता है। चित्रकूट तीर्थ की यात्रा के दौरान चित्रकूट से 15 किलामीटर की दूरी पर स्थित गुप्त गोदावरी के दर्शन का भी बड़ा महत्व है। गोदावरी नदी एक पहाड़ के अंदर ही सिमट गई है। यहां से बाहर निकलने पर नदी दिखाई नही देती है। इसका उद्गम स्थल भी यही है और सिमटी भी यही है। इसलिए इस स्थल को गुप्त गोदावरी कहा जाता है। माता सीता इसी स्थान पर स्नान करती थी। चित्रकूट के दर्शन से मयार्दा पुरुषोत्तम के वनवासी जीवन की अनेकों कहानियों और पौराणिक प्रसंगों से जुड़ने का अवसर मिलता है। चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र मध्यप्रदेश राज्य के सतना जिले की नगर पंचायत है। जबकि यूपी में चित्रकूट जिला मुख्यालय है। रेलवे स्टेशन चित्रकूट कर्वी है। यहां से सड़क मार्ग से प्रयाग राज की दूरी 139 किलोमीटर जबकि खजुराहो की दूरी 159 किलोमीटर है। प्रयागराज ओर खजुराहो तक हवाई मार्ग से भी पहुचा जा सकता है। भारतीय आस्था के केंद्र मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के वनवासी जीवन से जुड़ी कथाओं का चित्रकूट गवाह है।

इस तीर्थ क्षेत्र की यात्रा जनमानस की श्रद्धा के केंद्र श्रीराम के वनवासी जीवन के 11 वर्षो की घटनाओं, कथाओ, कहानियों से परिचित कराती है। चित्रकूट में दीपावली एवं रामनवमी के दौरान मेला लगता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामघाट में स्नानकर कामदगिरी पर्वत की परिक्रमा करते है। देव भूमि भारत में श्रीराम का जीवन त्याग, तपस्या, बलिदान और साहस का प्रतीक है। श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या के बाद तपोभूमि चित्रकूट का भारतीय दर्शन परंपरा में महत्वपूर्ण स्थान है। इस तीर्थ क्षेत्र के सीमावर्ती होने के कारण समुचित विकास नहीं हो पाया। श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट धाम को विकास की दरकार भी है।

## कविता

### वक्त के साथ सब कुछ बदल जाता है

कागजी गुलदस्तों में दौर-ए -गुलाब कहाँ !
बनावटी दुनिया में रिश्तों की बात कहाँ !!

वक्त के साथ सब कुछ बदल जाता है!
फितूर मेरा-तेरा गरूर बदल जाता है!!

मेरी जुस्तजू का मुकाम मिल नहीं पाया !
ख्वाहिशों में जिंदगी से मिल नहीं पाया!!

मोहब्बत में भी हमनें नफरतें पाल रखी हैं !
क्योंकि गुलाबों में हमनें कांटे उगा रखें हैं !!

तुझे मेरी मोहब्बत का इल्म तक ना हुआ!!
इधर तेरे ख्यालों में दिल मेरा बावरा हुआ!!

मुझे गिला नहीं अब मैं तेरा शहर छोड़ चले!
जिन पर था नाज वो खामोशियाँ ओढ़ चले!!

भीड़ में घुसा मैं तो शोर में कैसा गुम हो गया!
मेरा वजूद भी खुद में कितना कम हो गया!!

देखो वो दौलत से मेरा रसूख भी तौलते हैं!
हम तो बस सिर्फ उनका वजूद तौलते हैं!!

प्रभुनाथ शुक्ल

# कैरियर योजना के लाभ

**विजय गर्ग**

**यदि** आपके पास करियर योजना है, तो उत्तर दूर की कौड़ी नहीं होंगे। लेकिन अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आप निश्चित रूप से हकलाएंगे और यह लेख आपके लिए है। करियर की योजना बनाना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि खुद करियर बनाना। भविष्य के लिए योजना बनाने की आवश्यकता है और न केवल हर दिन बिना किसी दिशा के काम पर जाना है, इसलिए उसी प्रक्रिया को दोहराना है। यह भविष्य के लिए खुद को तैयार करने और इस यात्रा को नेविगेट करने के लिए आवश्यक आवश्यक उपकरण रखने के बारे में अधिक है। मुख्य उद्देश्य आपको अपने भविष्य के लिए एक रोडमैप प्रदान करना है जो आपको अपने करियर के बारे में अच्छी तरह से सूचित निर्णय लेने में मदद करेगा, और भविष्य के करियर में भी। एक ठोस करियर योजना आपको केंद्रित और प्रेरित रहने में मदद करेगी। यदि आप उत्कृष्टता प्राप्त करने और अपने करियर की उच्च ऊंचाइयों पर जाने की इच्छा रखते हैं, तो आपको करियर योजना बनाने पर विचार करना चाहिए। अभी एक बनाने के इच्छुक हैं? करियर योजना होने के छह लाभ यहां दिए गए हैं: 1. ज्ञान वृत्ति नियोजन की प्रक्रिया व्यक्ति को वृत्ति के विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक होने में सहायता करती है। जीवन जैसा कि हम देखते हैं कि हर दिन तेज गति और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बन गया है, एक करियर योजना होने से आपको अपने लिए सही पेशे का चयन करने में स्पष्टता मिलेगी और आपको अपनी प्राथमिकताएं सही करने में भी मदद मिलेगी। 2. आत्म जागरूकता अब जब आप अपने आस-पास के विकल्पों के बारे में जानते हैं, तो आपने जो ज्ञान प्राप्त किया है, वह आपको करियर चुनने में संघर्ष नहीं करने में मदद करेगा। आप अपने कौशल और दक्षताओं से मेल खाने वाले एक का चयन करने में सक्षम होंगे और करियर के कई विकल्पों के बीच में नहीं फंसेंगे। टॉम ब्लैकबर्न, 2उँ‘ङ्ग४३ृङ्के के मुख्य तकनीकी अधिकारी, जिन्होंने एक छोटी प्रौद्योगिकी कंपनी में कई टोपियाँ पहनकर अपना करियर शुरू किया, कहते हैं, "एक निश्चित बिंदु पर, मैंने उन पदों की पहचान करना शुरू किया जिनमें प्रौद्योगिकी और प्रबंधन और नेतृत्व दोनों में अवसर शामिल थे," वह कहता है। "मैंने उन कंपनियों को लक्षित करना शुरू किया जहां मैं सिर्फ प्रौद्योगिकी से अधिक क्षेत्रों में विकास कर सकता था।" 3. आत्म विकास करियर की राह चुनने और उस पर टिके रहने के लिए आपको अनुशासन, फोकस, दृढ़ इच्छाशक्ति, शक्ति और प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। लंबे समय में ये लक्षण निश्चित रूप से भुगतान करेंगे और भविष्य में आपके लिए अत्यधिक लाभकारी होंगे। जैसे-जैसे आप बढ़ते हैं, आपको अपनी प्रगति को मापने की भी आवश्यकता होती है, "हर छह महीने में आपको अपने अल्पकालिक और दीर्घकालिक व्यावसायिक उद्देश्यों का पुनर्मूल्यांकन करना होता है।

## विचार

# बेलगाम शिक्षा व्यवस्था

**प्रियंका सौरभ**

स्कूलों में नया सत्र शुरू होते ही अभिभावकों की परेशानी बढ़ गई है। एक से दो माह की फीस के साथ स्कूलों में डेवलपमेंट फीस के नाम पर ली जाने वाली मोटी रकम भरनी है तो कॉपी-किताब भी खरीदना है। कॉपी-किताब का सेट इतना महंगा है कि उसे खरीदने में अभिभावकों के पसीने निकले जा रहे हैं। कई निजी स्कूलों में तो पहली व आठवीं कक्षा की किताबों का सेट छह से 10 हजार रुपये पड़ रहा है। प्रशासन और शिक्षा विभाग इस लूट पर चुप्पी साधे हुए हैं। इन दिनों सभी पुस्तक विक्रेताओं के यहां लंबी लाइनें लग रहीं हैं। परिजन बच्चों की किताबें खरीदने चुनिंदा दुकानों पर पहुंच रहे हैं। स्कूलों द्वारा तय निजी प्रकाशकों की किताबें एनसीईआरटी की किताबों से पांच गुना तक महंगी हैं। अधिकांश निजी स्कूल संचालक राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबें मंगवाने में रुचि नहीं दिखाते। निजी विद्यालयों में 80 फीसदी निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें पढ़ाई जाती हैं। इन किताबों की कीमत एनसीईआरटी से कई गुणा अधिक होती हैं। कई किताबों में तो प्रिंट रेट के ऊपर अलग से प्रिंट स्लिप चिपकाकर प्रकाशित मूल्य से कहीं अधिक वसूली की जाती है। निजी स्कूलों में कमीशन के चक्कर में हर साल किताबें बदलने के साथ अलग-अलग प्रकाशकों की महंगी किताबें लगाई जाती हैं। एनसीईआरटी की 256 पन्नों की एक किताब 65 रुपये की है जबकि निजी प्रकाशक की 167 पन्नों की किताब 305 रुपये में मिल रही है। ऐसी कौन की किताबें स्कूल पढ़ा रहा है जो 500 से 600 रुपये में मिल रहीं हैं। इतनी महंगी तो बीए-एमए की किताबें भी नहीं आतीं। पहले बड़े बच्चे की किताबों से उनका छोटा बच्चा पढ़ लेता था क्योंकि किताबें वही रहती थी। लेकिन अब बड़े बच्चों की किताबें छोटा बच्चा प्रयोग नहीं कर पाता क्योंकि हर साल जान - बूझकर किताबों में कोई न कोई बदलाव कर दिए जाते हैं। किताबों के कवर भी बदले होते हैं जिससे पता नहीं चल पाता कि यह पुरानी पुस्तक है या नई। पुस्तक के एक पन्ने के संशोधन के लिए नई किताब लेनी पड़ती है। स्कूलों का सिलेबस हर साल बदल जाता है। लेकिन एनसीईआरटी द्वारा बड़ी रिसर्चों के साथ बनाया गया पाठ्यक्रम बरसों से एक जैसा ही है। लेकिन अब सवाल यह उठता है कि निजी स्कूलों में लागू पाठ्यक्रम का स्टैंडर्ड एक ही साल इतना गिर जाता है कि स्कूलों को उसे बदलना पड़ता है। लेकिन ऐसा नहीं है, पाठ्यक्रम का स्टैंडर्ड तो ठीक होता है, लेकिन स्कूलों को अपनी कमीशन में कटौती का डर होता है। यदि पुराना सिलेबस लागू किया जाए तो छात्रों को वे सभी किताबें शहर की सभी दुकानों पर मिल जाएंगी। कुछ छात्र पुरानी किताबों के साथ भी काम चलाने का प्रयास करेंगे। ऐसे में निजी स्कूलों की अवैध कमाई को धक्का लग सकता है। निजी स्कूल इसके पक्ष में नहीं है। स्कूलों द्वारा जो पाठ्यक्रम में बदलाव होता है, वह केवल नाममात्र सीक्वेंस का बदलाव होता है। जिसमें किताबों में लिखे अध्याय की क्रम संख्या को बदल दिया जाता है, ताकि छात्र पिछले वर्ष की किताबों का इस्तेमाल न कर सकें। इसकी कोई समय सीमा क्यों नहीं तय की गई कि कितने समय के बाद पुस्तकों में संशोधन किया जाना है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से होने के बावजूद बच्चों को एनसीईआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की किताबें लेने को कहा जाता है। एनसीईआरटी की पुस्तकें तो हर दुकान में मिल जाती हैं पर निजी प्रकाशकों की किताबें लेने के लिए निश्चित दुकान पर आना पड़ता है। कहीं और ये किताबें नहीं मिलतीं। एटलस, मानव मूल्य की पुस्तक, व्याकरण, कॉम्पैक्ट, ग्राफ बुक, आदि ऐसी चीजें है जो पूरे साल कहीं नहीं लगतीं, फिर भी लेनी पड़ती हैं क्योंकि स्कूल कहता है। 488 रुपये की कॉम्पैक्ट असाइनमेंट, 50 रुपये की ग्राफ बुक आदि लेते-लेते बिल हजारों में चला जाता है।चाहे प्रदेश सरकार हो या केन्द्र सरकार, शिक्षा पर किसी का ध्यान नहीं है। इस क्षेत्र में निजी स्कूलों द्वारा जनता से खुली लूट हो रही है। कोई भी सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही। शिक्षा का स्तर क्या है और वहां किस प्रकार से लूट मची है? कोई देखने वाला नहीं है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# मजबूत तार्किक जनमत तैयार करता है-मीडिया!

**सुनील कुमार महला,**

**मीडिया** आधुनिक समाज का दर्पण है। वास्तव में यह मीडिया ही है जो हमारे जीवन और उसके परिप्रेक्ष्य को आकार देने का काम करता है। सच तो यह है कि यह मीडिया ही होता है जो जन के मत को तैयार करता है। वास्तव में मीडिया ही हमें यह बताता है कि हमारे आसपास और दुनिया क्या हो रहा है और क्या नहीं ? जिसे समाज में कोई छुपाने की कोशिश कर रहा होता है, मीडिया उसे समाज के समक्ष लाने का काम करता है। वास्तव में, मीडिया की अवधारणा आज के युग में अत्याधिक तेजी से विकसित हुई है और यह शब्द जनसंचार के लिए आधुनिक अर्थ में प्रयोग किया जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो मीडिया में विभिन्न माध्यम शामिल हैं जिसके द्वारा सूचना अधिक लोगों तक पहुंचती है। वास्तव में, इन सभी माध्यमों में टेलीविजन रेडियो फिल्म समाचार पत्र सोशल नेटवर्किंग साइट्स तथा इण्टरनेट शामिल है। लेकिन यह विडंबना है कि आज मीडिया का स्वरूप लगातार बदलता चला जा रहा है, जो तथ्य समाज के सामने आने चाहिए, उन्हें छुपाया जा रहा है। पेड न्यूज को स्थान दिया जा रहा है। पत्रकारिता का धर्म आज पैसा कमाना हो गया है। आज सच्चाई को मीडिया में बहुत कम स्थान मिलता है, तथ्यों को पहले की भांति आज समाज के सामने नहीं लाया जा रहा है। मीडिया स्वतंत्र नजर नहीं आता है, उस पर कहीं न कहीं दबाव नजर आता है, यह गलत है, ऐसा नहीं होना चाहिए। हाल ही में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मीडिया द्वारा सरकार की नीतियों की आलोचना को राष्ट्रविरोधी नहीं करार दिया जा सकता है।मीडिया की यह ज़िम्मेदारी बनती है कि वो हर हाल और परिस्थितियों में सच को सामने रखें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मीडिया का स्वतंत्र, निष्पक्ष रहना बहुत जरूरी है। मीडिया से सिर्फ सरकार का पक्ष रखने की उम्मीद नहीं की जाती है। मीडिया लोकतंत्र का चौथा पाया है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका लोकतंत्र के तीन अन्य पाये हैं, जिनकी चौथा स्तंभ रक्षा करता है। मीडिया वास्तव में, जनता तथा शासन दोनों के बीच एक माध्यम का काम करता है और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ(चौथा पाया) कहलाता है।

# धोती संभाल जरा

**डॉ. सुरेश कुमार**

**शहर** में बेचैयों की एक नई टोली आयी है। एक ही धुन बार-बार लगाए जा रहे हैं। धुन में बार-बार निजीकरण-निजीकरण यही हमारा समीकरण की पिपुड़ी बजाए जा रहे हैं। ये बेचैये इतने शातिर हैं कि अपने नाखूनों से जड़ सहित महावृक्ष उखाड़ने की काबिलियत रखते हैं। पत्ता, तना, शाखा, फल, फूल, जड़ सब कुछ बेचे जा रहे हैं। बेचने का ऐसा जुनून छाया है कि अपना जमीर तो पैदा होते ही बेचकर गंगा नहा चुके हैं। जो दिखे उसे बेच दो। जो झुके उसे तोड़ दो। जो मुडे उसे मरोड़ दो। बेचने, तोड़ने और मरोड़ने का एजेंडा लेकर जहाँ-तहाँ बेसुरों रागों की झड़ी लगाए जा रहे हैं। बेसुरों रागों से पीड़ित कान लहूलुहान हो चुके हैं। बेसुरे रागों के चलते देशभक्ति बोझभक्ति बनती जा रही है। सरकारी संस्थाओं के सुरों में अब पहले जैसा दम नहीं रहा। इसलिए इन्हें निजी सुरों को सौंपा जा रहा है। निजी सुरों को सौंपने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि वे घाटे में चले जाएँ तो उन्हें बैंकों से ऋणमुक्त किए जाने की सुविधा उपलब्ध होती है। भागते भूत की लंगोटी भली की तर्ज पर सरकारी संस्थाओं को औने-पौने दाम पर बेचे जा रहे हैं। बहुत जल्द एक पर एक फ्री का चलन आरंभ होने वाला है। जरूरत पड़ी तो एक पर दो फ्री का ऑफर भी दिया जा सकता है। जेब से अपना क्या जाने वाला है। सास-ससुर की कमाई दामाद चुटकियों में चट कर जाता है। एक जरूरी सूचना बहुत जल्द जारी की जाने वाली है। नदियों को बताए बिना पानी, तटों को बताए बिना लहरों, पुतलियों को बताए बिना सपनों को बेचने की खबरें बड़ी तेजी से वाइरल होने वाली हैं। जरूरत है तो खरीददार की। खरीददार मिल जाए तो पूरे देश को बेच सकते हैं। सड़क किनारे रेहड़ी लगाए औने-पौने दाम पर गाजर-मूली की तरह सब कुछ बेचे जा रहे हैं। आजकल आसमान डरा-डरा और सहमा हुआ है। किसी ने उसे बताया कि इन बेचैयों की बुरी नजर अब उसी पर है। मौका मिलते ही तराजू थामे किलो के हिसाब से आसमान तोल-तोलकर फल-फूल की तरह बेच देंगे। कौन कहता है कि देश खून-पसीने से खड़ा होता है।

# सभी के सहयोग से ही स्वच्छ होगा शहर : अरूण भार्गव

## शत प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कॉलैक्शन, स्वीपिंग तथा गंदगी फैलाने को रोकने जैसे बिन्दूओं पर किया मंथन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर विशेषकर** बाजारों से गुजरती सड़कें चमकती रहें, इसके लिए नगर निगम की ओर से जो प्लान बनाया गया है, उसे कामयाब करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। लेकिन इस तरह का कोई भी तरीका, नागरिक हों या दुकानदार उनके सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता। इसी बात को लेकर शुक्रवार को उप निगम आयुक्त अरूण भार्गव ने जोन-2 एरिया से जुड़े निगम कर्मचारी व व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ एक मीटिंग की, जिसमें सुगम स्वच्छता एजेंसी के प्रतिनिधि, पूर्व वरिष्ठद्द उप महापौर कृष्ण गर्ग और व्यापार मण्डल की ओर से इसके प्रधान कृष्ण लाल तनेजा शामिल हुए।
तीन बिंदूओं पर रहा फोकस- मीटिंग में ठोस अपशिष्टद्द प्रबंधन में सहायक डोर टू डोर कूड़ा-कचरा कॉलैक्शन, स्वीपिंग और लिटरिंग को लेकर फोकस रहा। इन चीजों को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, उप निगमायुक्त ने व्यापार मंडल के सदस्यों और अन्य प्रतिनिधियों से सुझाव लिए। व्यापार मंडल के सदस्यों ने बताया कि डोर टू डोर कॉलैक्शन में शत प्रतिशत घरों को कवर करने के लिए टिप्पर वाहन गली में स्पीड से न गुजरें, रूक-रूक कर कूड़ा लें तो अच्छा रहेगा। सदस्यों ने कमेटी चौक पर सांय के समय लगने वाली रेहडिों से उत्पन्न एक समस्या की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कमेटी चौक पर रेहडिों से गंदगी फैलती है और सफाई बाधित हो जाती है।
इस पर डीएमसी ने जोन इंचार्ज सफाई निरीक्षक ऊषा रानी को निर्देश दिए कि कमेटी चौक पर गंदगी फैलाने वाली रेहडिों को वहां से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि बल्क में अपशिष्टद्द जेनरेट करने वाले गीले वेस्ट का खुद ही निस्तारण करेंगे, सूखे कचरे को निगम के कर्मचारी उठाएंगे। उन्होंने कहा कि कॉमर्शियल एरिया में एकत्र कूड़ा सांय के समय उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर की साफ-सफाई का कॉंट्रैक्ट लेने वाली एजेंसी का 18008911863 हैल्प लाईन नम्बर है, कूड़े-कचरे के उठान से सम्बंधित कोई भी शिकायत इस नम्बर पर की जा सकती है।

**भार्गव ने जोन-2 एरिया से जुड़े निगम कर्मचारी व व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ एक मीटिंग की**

इसके बाद मीटिंग में स्वीपिंग के बिन्दू पर चर्चा की गई। हालांकि मीटिंग में मौजूद सभी ने स्वीपिंग को लेकर नगर निगम के तौर-तरीकों की सराहना की। फिर भी उप निगमायुक्त ने उपस्थित सदस्यों से कहा कि अकेले निगम हर जगह की निगरानी नहीं कर सकता, दुकानदार भी अपने-अपने परिवेश में साफ-सफाई पर निगरानी रखें। कोई गंदगी फैलाए, तो उसे रोकें, शहर सबका है। सफाई में बाधा डालने वालों के निगम जब चालान करता है, तो कई लोग उसका विरोध करते हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए।
इस दौरान व्यापार मंडल के सदस्यों की ओर से, गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों की दुकानों के आगे निगम द्वारा चस्पाए गए नोटिस का भी जिक्र किया गया। डीएमसी ने बताया कि बार-बार समझाने के बाद जो दुकानदार गंदगी फैला रहे हैं, उन्हें कारण बताओं नोटिस दिए गए हैं, संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो इसके बाद ही चालान की कार्रवाई की जाएगी। पूर्व उप महापौर कृष्ण गर्ग ने सुझाव दिया कि रेलवे रोड और मुगल कैनाल जैसी बड़ी सडकों पर सफाई की टीमें दोनो से शुरूआत करें, तो अच्छा रहेगा।
डीएमसी ने कहा कि सुझाव अच्छा है, विचार करेंगे। उन्होंने उपस्थित सदस्यों की मांग पर मार्किट एरिया में पडे वाले नालों की सफाई करवाने के निर्देश दिए और कहा कि बड़े नालों की सफाई के लिए नगर निगम जल्द ही टैण्डर लगाने जा रहा है।

# फतेह मार्च नगर कीर्तन का तरावडी में हुआ भव्य स्वागत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**अकाल तख्त** साहिब अमृतसर से फतेह मार्च नगर कीर्तन के रूप में अमृतसर से चलकर आज तरावड़ी पहुंचा, जो दिल्ली लाल किले पर जाकर समाप्त होगा। यह फतेह मार्च बाबा जस्सा सिंह जी रामगढिया की 300 साल जन्म शताब्दी के रूप में मनाया जा रहा है। इस नगर कीर्तन की अगुवाई दिल्ली से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका, सरबजीत सिंह विर्क और सारी दिल्ली कमेटी के सभी पदाधिकारी शामिल थे। तरावडी पहुंचने पर फतेह मार्च का गांव सौंकडा के सरपंच भूपेंद्र सिंह लाडी, गुलाब सिंह मूनक, कार सेवा बाबा जोगा सिंह, वीरेंद्र सिंह नीलोखेडी, कंवलजीत सिंह अजराणा, सर्बजीत सिंह संधू, अरूण लाठर सहित काफी संख्या में संगतों ने फूल बरसाकर गुरु महाराज जी की पालकी का भव्य स्वागत किया और पंज प्यारों की अगुवाई में उनको सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ठंडे पानी की छबील लगाई गई। इसके साथ ही मीठे चावल का प्रसाद भी वितरण किया गया।

## सरकारी कॉलेज के सामने हुड़दंगबाजी और फायरिंग करने वाले 15 आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पंडित चिरंजीलाल** शर्मा सरकारी कॉलेज के सामने 5 अप्रैल को अज्ञात आरोपियों द्वारा लाठी-डण्डे व तलवारों के साथ मोटरसाईकिलों पर सवार होकर हुडदंगबाजी करने व उस दौरान अवैध हथियार से कॉलेज प्रशासन व आमजन की जान की परवाह न करते हुए उनकी तरफ फायरिंग करने के मामले में सीआईए-2 व थाना सिविल लाईन की टीम द्वारा पन्द्रह आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस वारदात की सूचना मिलते ही जिला पुलिस की पांच टीमें आरोपियों की पहचान कर उनकी धरपकड़ करने के लिए तत्परता से लग गई थी, जिसमें 6 अप्रैल को देर रात सीआईए टू इंचार्ज निरीक्षक मोहनलाल व थाना प्रबंधक सिविल लाईन निरीक्षक ललित कुमार व उनकी सहयोगी टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए एक ग्रुप के सात आरोपी सन्नी उर्फ कैप्टन पुत्र मदन लाल वासी पुण्डरक जिला करनाल, साहिल उर्फ सेट्ठी पुत्र राजेश वासी कैरवाली जिला करनाल, प्रियांशु पुत्र जगत सिंह वासी कैरवाली जिला करनाल, उमेद सिंह उर्फ विशाल पुत्र सुरेन्द्र वासी कैरवाली जिला करनाल, विपिन पुत्र तेजपाल वासी लालुपुरा जिला करनाल, मोहित पुत्र प्रमोद वासी कैलाश जिला करनाल, मेहर सिंह पुत्र भीम सिंह वासी रायपुरा जिला करनाल व दूसरे ग्रुप के आठ आरोपियों गौरीशंकर पुत्र सहेन्द्र सिंह वासी शिव कालोनी करनाल, चिराग पुत्र टेक चंद वासी शास्त्री कालोनी करनाल, बीरू उर्फ विशू पुत्र टोनी वासी दराबी लाईन सदर बाजार करनाल, विशाल पुत्र शिव कुमार वासी सैदपुरा जिला करनाल, ललित पुत्र गुलशन वासी रामनगर करनाल, बादल पुत्र बिमल वासी रोसरा बिहार हाल शिव कालोनी करनाल, विशाल पुत्र किरण पाल वासी संगोहा हाल रामनगर करनाल व अरुण पुत्र रोहताश वासी खेडी नरु करनाल को सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर अलग-अलग जगह से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

## 'जनसंवाद पोर्टल लॉन्च कर सीएम ने जन कल्याण के लिए की एक ओर पहल'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री** के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि जन कल्याण के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनसंवाद पोर्टल लॉन्च करके एक ओर पहल की है।
जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री को नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं व शिकायतों की लिखित में दी गई जानकारी, अब इस पोर्टल पर दर्ज होगी। इस प्रकार की लिखित शिकायतों के कागजात कभी-कभी संबंधित अधिकारी तक नहीं पहुंच पाते थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने सीएम विंडो प्रणाली में ही यह जनसंवाद मॉड्यूल विकसित किया है। इस पोर्टल के बनने से अब नागरिकों द्वारा दी जाने वाली लिखित शिकायतों की जानकारी सिस्टम में दर्ज होगी, जिससे यह शिकायतें संबंधित अधिकारी के पास तय समय अवधि में पहुंचेगी और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा।

## गंदगी फैलाने वाले 200 दुकानदारों को थमाए कारण बताओ नोटिस



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए निगम लगातार काम कर रहा है। इसके लिए निगम की टीम ने शहरवासियों, विशेषकर सभी जोन के वाणिज्यिक क्षेत्रों में दुकानदारों को जागरूक करने के बाद अब सख्ती भी शुरू कर दी है। इसे लेकर नगर निगम की सेनीटेशन टीम द्वारा शहर के वाणिज्यिक क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान मार्किट एरिया के करीब 200 दुकानों के आगे गंदगी पाई गई। शुक्रवार को इन सभी दुकानो के आगे कारण बताओ नोटिस चस्पा किए गए हैं। उप निगम आयुक्त अरूण भार्गव ने बताया कि एक सप्ताह में संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तो, प्रत्येक सम्बंधित दुकानदार का 5 हजार रुपए का चालान किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी दुकानदारों से अपील की गई कि वह दुकानों से निकलने वाला कूड़ा-कर्कट अपने डस्टबिन में रखें और उसे कूड़ा उठाने वाले टिप्परों में डालें। उन्हें इस बारे भी जागरूक किया गया कि मार्किट क्षेत्र में जो लिटर बिन रखे गए हैं, वह केवल ग्राहकों व राहगीरों के लिए हैं, ताकि वह अपना कूड़ा इधर-उधर गिराने के बजाए इनमें डाल सकें।
डस्टबिन फ्री सिटी है करनाल- उन्होंने बताया कि करनाल शहर डस्टबिन फ्री सिटी केटेगरी में शामिल है। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा कूड़ा एकत्रीकरण को लेकर भिन्न-भिन्न जगहों पर बनाए गए अस्थाई सेकेण्डरी डम्पिंग पॉयट्स को भी खत्म दिया गया था, इससे शहर की सुंदरता व स्वच्छता में इजाफा हुआ है।
कूड़ा पृथ्क्करण को लेकर नगर निगम चलाएगा सघन अभियान- उप निगमायुक्त ने जानकारी दी कि शत प्रतिशत कूड़ा पृथ्क्करण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नगर निगम जल्द ही एक सघन अभियान चलाने जा रहा है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

## फव्वारा पार्क योग कक्षा में करवाया गया विशेष योग सत्र



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**फव्वारा** पार्क योग कक्षा में विशेष योग सत्र करवाया गया। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने साधकों को योगिक क्रियाओं के लाभ बताते हुए अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि मेरा मिशन स्वस्थ भारत तथा आयुष विभाग करनाल के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के उपलक्ष्य में जिला में 1.25 लाख सूर्य नमस्कार अभियान का आगाज 9 अप्रैल को किया जाएगा।
यह अभियान जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ सतपाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज सक्रिय रुप से सहयोग देंगे। इस अभियान में भाग लेने के लिए मिशन द्वारा संचालित विभिन्न कक्षाओं में निःशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है।

## अब दूसरे बच्चे के जन्म पर भी मिलेगा पीएमएमवाई योजना का लाभ : यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**आजादी** अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में पहले बच्चे पर ही लाभ दिया जाता था, अब दूसरा बच्चा बेटी के रूप में पैदा हाने पर भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए महिला बीपीएल परिवार, मनरेगा कार्ड, ई श्रम कार्ड, अनुसूचित जाति से संबंधित होनी चाहिए। सभी आंगनवाड़ी वर्कर्स समय पर सभी फॉर्म भर कर लाभार्थियों को लाभ दिलवाए।

# खालसा फतेह मार्च अकाल तख्त से पहुंचा करनाल



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सिख पंथ के** महान यौद्ध तथा बीर जरनेल बाबा जस्सा सिंह रामडिया की तीन सौ सालाना जन्म जयंती पर अमृतसर से निकाला गया खालसा फतेह मार्च आज करनाल पहुंचा। जीटी रोड पर जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। तरावड़ी से सैक्टर छह स्थित बाबा जंग सिंह गुरुद्वारा से होते हुए सैक्टर पांच के मोड़ पर पहुंचा। यहां पर डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा जत्थेदार सुक्खा सिंह की अगुवाई में बड़ी संख्या में सिख संगत ने किया। मार्च का काफिला जैसे ही सैक्टर चांर पांच के मोड पर पहुंचा। वहां पर मौजूद सिख संगत ने गुरु का नाम लेते हुए काफिले में शामिले पालकी साहब का स्वागत किया गया। दूसरी पालकी साहेब में बाबा जस्सा सिंह रामगडिया द्वारा उपयोग किए गए हथियारों को प्रदर्शित किए गए।
फतेह खालसा मार्च को अमृतसर से सिख पंथ के प्रमुख सेवक तथा एसजीपीसी के पूर्व चयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल तथा दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रमुख अरमीत सिंह कालका ने हरी झंडी दिखाई। फतेह खालसा मार्च अंबाला से जालंधर लुधियाना अंबाला कुरुक्षेत्र नीलोखेडी तरावड़ी से होते हुए करनाल पहुंचा। वहां से पानीपत सोनीपत होते हुए दिल्ली पहुंचेगा। यहां पर लाल किले में समागम आयोजित किया जाएगा। पालकी साहेब का स्वागत करने वालों में बाबा जथेदार सुक्खा सिंह, गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह, जसवंत सिंह, अशनप्रीत सिंह, गुरुसेवक सिंह, गुरुशरण सिंह, रतन सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, अमन मिड्ढा, राजा मिढ्डा इस अवसर पर पानी और प्रसाद के साथ फल लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिख संगत मौजूद रही।

## 'प्रदेश में ड्रॉपआउट टीबी रोगियों की शुरू करवाई जा रही दवा'




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भारतीय** रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य चंडीगढ़ के आदेश अनुसार शुक्रवार को स्थानीय रेडक्रॉस भवन में टी.बी प्रोजेक्ट के अंतर्गत टी.बी स्क्रीनिंग/स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक टी.बी रोगियों को जागरूक करना और उनकी स्वास्थ्य जांच करना रहा।
जिला रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने टी.बी. वॉलिंटियर के साथ चर्चा करते हुए कहा कि आप घर-घर जाकर टीबी रोगियों को जागरूक करें ताकि कोई भी रोगी दवा बीच में न छोड़े और यह भी संदेश दिया कि टी.बी. रोगियों में जिस की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है, उनकी सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से हर महीने 6 माह तक पौष्टिक राशन किट भी उपलब्ध करवाई जाएगी।
स्वास्थ्य विभाग टीबी डिपार्टमेंट से आए चिकित्सा टीम ने 110 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग व 4 व्यक्तियों के सैंपल लिए। डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि टीबी का इलाज संभव है। यदि रोगी लगातार छह मास तक दवाई लेता रहे और पौष्टिक खानपान का ध्यान रखें। हरियाणा सरकार प्रत्येक टी.बी. रोगी को 500 रुपए प्रतिमाह न्यूट्रिशन डाइट के लिए 6 माह तक प्रदान करती है।
चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि रेडक्रॉस मानवता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। लेकिन टी.बी. ड्रॉपआउट मरीजों को घर-घर जाकर सेहत के प्रति जागरूक करना और उनकी दवाइयां दोबारा से शुरू करवाना अपने आप में एक नेक कार्य है और भारतीय रेड क्रॉस के सहयोग से भविष्य में गांव गांव जाकर टी.बी. परियोजना के अंतर्गत स्क्रीनिंग/स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएंगे।

## करनाल में 17 से 21 अप्रैल तक आयोजित होगा भव्य व्यापार मेला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला की** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए करनाल में 17 से 21 अप्रैल तक जिला व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले का भव्य स्वरूप होगा। मेला करनाल के सेक्टर-12 स्थित हुड्डा ग्राउंड में लगाया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा शुक्रवार को जिला व्यापार मेले के संबंध में अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। मेले को सफल बनाने के लिए एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने अलग-अलग विभागों की ड्यूटी लगाई है। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि मेले में छोटे उद्योगों के स्टॉल, सहकारी संस्थाओं के स्टॉल, स्वयं सहायता समूह के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके साथ-साथ व्यापारियों से जुड़े अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। जिनके माध्यम से बिजनेस व स्टार्टअप से जुड़े विषयों पर परिचर्चा आयोजित की जाएंगी ताकि युवा पीढ़ी उनके अनुभवों से सीख लेकर बिजनेस के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि जिला व्यापार मेले में मनोरंजन के लिए एंटरटेनमेंट सेक्शन भी बनाया जाएगा। इसमें अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त खाने से जुड़े अलग-अलग व्यंजनों से जुड़ी स्टॉल भी लगाई जाएगी। इसके लिए फूड कोर्ट बनाया जाएगा।

# विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**दयाल** सिंह कॉलेज के वाणिज्य संघ ने कॉलेज परिसर में तीन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कर अपना वार्षिक उत्सव-सृजन 2023 मनाया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में द बिजनेस बैटल रॉयल, द ब्रांड बिल्डर्स और द एड मास्टर्स शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।
कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. आशिमा गाखर के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से इस तरह की उत्साहपूर्ण भागीदारी से इन प्रतियोगिताओं की प्रासंगिकता दोगुनी हो जाती है। उन्होंने डॉ. डिंपल खोसला, अध्यक्ष, वाणिज्य संघ और डॉ. वंदना सभरवाल सहअध्यक्ष, वाणिज्य संघ को इस तरह के शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। वाणिज्य विभाग की प्रमुख डॉ. मुक्ता जैन ने छात्रों को प्रेरित किया और प्रतिभागियों को तीनों प्रतियोगिताओं के बारे में बताया।
एक्टिविटी इंचार्ज डॉ. पूजा मल्होत्रा ने बिजनेस बैटल रॉयल के नियम समझाए और फिर इवेंट शुरू हुआ। छात्रों ने नवीन स्टार्ट अप विचारों के साथ आए और दुकानों की सुरक्षा, बच्चों की सुरक्षा, स्थिरता, जैविक खेती, नौकरानियों के लिए ऑनलाइन वेबसाइट और ऑनलाइन ठेकेदार आदि के उपक्रमों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में सुशील गोयल और डॉ. अनीता अग्रवाल ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में गुरु नानक खालसा कॉलेज की रमनजोत कौर ने पहला, दयाल सिंह कॉलेज करनाल की प्रीति कुमारी ने दूसरा तथा खेवन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरी प्रतियोगिता द ब्रांड बिल्डर्स का संचालन सुश्री निकिता आर्य ने ऑडिटोरियम में किया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई और एक मजबूत ब्रांड पहचान बनाने के लिए सुंदर लोगों और आइकन डिजाइन किए। इस प्रतियोगिता के जज डॉ. रणधीर सिंह और डॉ. रेणु थे। गुरु नानक खालसा कॉलेज की रमनजोत कौर ने पहला, दयाल सिंह कॉलेज करनाल की प्रीति कुमारी ने दूसरा स्थान हासिल किया। दयाल सिंह कॉलेज करनाल के खेवन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन












**नई दिल्ली/ एक्शन इंडिया**
**प्रसिद्ध** समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा द्वारा अपने कार्यालय पर हनुमान जन्मोत्सव पूरे भक्ति भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय रहा। सुंदरकांड पाठ के साथ हवन पूजन व विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नरेला के सिंधु बॉर्डर रोड़ स्थित बीस सूत्री कॉलोनी में अपने कार्यालय में प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पूरे भक्ति भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लाकड़ा परिवार के अलावा बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन यज्ञ कर किया गया। जिसमें पूरे लाकड़ा परिवार ने आहुति डाली। इसके पश्चात राम दरबार एवं हनुमंत लाल की तस्वीर के समक्ष अखंड दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजा पाठ कर प्रसिद्ध भजन सम्राट राजेश शर्मा एंड पार्टी द्वारा संगीतमय पाठ की शुरूआत वंदना स्तुति के साथ की गई। वाद्य यंत्रों के साथ मधुर ध्वनि में सुंदरकांड पाठ का वाचन राजेश शर्मा द्वारा किया गया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय में हो गया। इस मौके पर भजन सम्राट राजेश शर्मा ने कहा कि कलयुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। सुंदरकांड बजरंगबली की आराधना है। इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। सुंदरकांड पाठ सुनना व सुनाना दोनों ही लाभदायक है। सुंदरकांड पाठ पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने श्रद्धा भाव के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हुए विशाल भंडारे में देर शाम तक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के पहुंचने का सिलसिला भी जारी रहा। इस दौरान लाकड़ा परिवार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धानंद कॉलोनी के श्रीराधा कृष्ण मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर सुन्दरकांड पाठ का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के श्रद्धानंद कॉलोनी के श्री राधा कृष्ण मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंडित राघेन्द्र शास्त्री, पंडित माधव राम ने सुन्दर कांड पाठ किया। इस अवसर पर समाजसेवी बजरंग गोयल के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पंडित राघेन्द्र शास्त्री ने कहा कि सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।इस मौके पर समाजसेवी बजरंग गोयल ने बताया कि हनुमान जी को मारुति नंदन, बजरंगबली आदि नाम से भी जाना जाता है। उन्हें महावीर भी हैं और हर युग में अपने भक्तों की समस्याओं का समाधान करते है। माना जाता है कि हनुमान जी एक ऐसे देवता है जो थोड़ी-सी प्रार्थना और पूजा से ही शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए सभी सच्ची लगन से बजरंग बली की पूजा-अर्चना करें। इस मौके पर बहुताय की संख्या में भक्त मौजूद रहे।



के.राजू राहुल गांधी के निजी सचिव को ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट का कलेन्डर व डायरी देते हुए फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ने भाई ढिकोलिया साथ में है सुनील कुमार पूर्व चेयरमैन एससी डिपार्टमेंट कांग्रेस कमेटी दिल्ली प्रदेश।

## संयमित जीवन शैली अपनाकर ही बीमारियों से बचाव संभव: वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नैशनल चाइल्ड** एंढ वूमेन डवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के तत्वावधान में संघ के मुख्यालय बरवाला में संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स के सान्निध्य में 73वें विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जन-जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि इस साल 2023 की थीम है हैल्थ फॉर ऑल यानि सबके लिए स्वास्थ्य। मनुष्य मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक रुप से स्वस्थ रहे तभी विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाना सार्थक होगा। स्वास्थ्य सबका मौलिक अधिकार भी है। इसलिए सबके लिए एक ही संदेश है कि हम संयमित जीवन शैली अपना कर ही अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। स्कूल कॉलेजों में इस बात का अधिकाधिक प्रचार किया जाना चाहिए कि विद्यार्थी मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ रहने के लिए खेल गतिविधियों में बढ-चढ कर भाग लें। प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियों में समय दें और सुबह शाम की सैर पैदल चलकर करें। स्वच्छता को प्राथमिकता दें। इससे ना केवल हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होगी बल्कि मन भी प्रसन्न होगा।

## भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से खुश हैं सभी वर्ग के लोग: डॉक्टर विपिन पिव्हाल

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा नेता डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि भाजपा के राज में आज देश में विकास ही विकास देखने को मिल रहा है। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है। श्री पिव्हाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। तभी तो लोग भाजपा के कार्यों से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का कार्यकर्ता



मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली में विकास की गति काफी ज्यादा धीमी है और दिल्ली के लोग विकास कार्यों को तरस रहे है। विपिन पिव्हाल ने कहा कि वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान है। पेड़ हमें ऑक्सीजन, भोजन, आश्रय और बहुत कुछ देते हैं। इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। तभी तो पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है।

# 10 सूत्रीं मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने उपराज्यपाल कार्यालय तक निकाला मार्च








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल** पब्लिक हेल्थ एलाइंस (एन पी एच ए) के आह्वान पर दिल्ली के सैकड़ों स्वास्थ्य कर्मचारियों ने 10 सूत्री मागों को लेकर एलजी हाऊस तक मार्च निकाला। विश्व स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर यह मार्च मोरी गेट से शुरू हुआ। उक्त जानकारी नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने दी। मार्च में केंद्र व दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों, डिस्पेंसरी, एमसीडी, ईएसआई से, नियमित कर्मचारियों के साथ अनुबंधित व ठेका कर्मचारी, लैब, नसिंग व रेडियोलोजी सहित पैरामेडिकल कर्मचारी तथा ग्रुप डी के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। विभिन्न संस्थानों की यूनियन, एसोसिएशन और विभिन्न कैडर की फेडरेशनो ने मार्च का जोरदार समर्थन किया है। कॉन्ट्रैक एम्प्लॉय यूनियन और दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों की यूनियन के नेताओ में उदित कुमार, गुलाब रब्बानी, एस पी यादव, पवन वर्मा, विकी कपूर, राजाराम, विपती राम, रामकरण, डीएचएस सुशील, डीजीएचएस से वंदना शर्मा और एन.पी.एच.ए दिल्ली के सलाहकार और एआईयूटीयूसी के दिल्ली राज्य अध्यक्ष हरीश त्यागी, सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय मंच जेपीए के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व एस एस नेगी के अलावा नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस (एन पी एच ए) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार व महासचिव भारतवीर ने भी संबोधित किया।

# राम मंदिर पहरावर में परशुराम मंदिर बनेगा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत अप्रैल 2023** को नवीन जयहिन्द सोनीपत पहुंचे और प्रेसवार्ता की । जयहिन्द ने सभी सोनीपत वासियों को रविवार 23 अप्रैल को रोहतक के पहरावर गांव में होने जा रही भगवान परशुराम जन्मोत्सव का पीले चावलों के साथ न्यौता दिया । जयहिन्द ने बताया कि 104 वर्षीय दादा दुलीचंद कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहेंगे क्योंकि दादा दुलीचंद की वजह से ही दो लाख विकलंगो, बुजुर्गो व विधवा महिलाओं की पेंशन बनी थी। साथ ही जयहिन्द ने कहा कि हमने सभी 36 बिरादरी को न्योता दिया हैज जिसमे से बीती 1 अप्रैल को कुरुक्षेत्र की सभी 36 बिरादरी की धर्मशालाओ में पीले चावलों संग गड़रिया समाज धर्मशाला, जोगी समाज धर्मशाला, पंजाबी धर्मशाला, कश्यप राजपूत धर्मशाला, जाट धर्मशाला आदि में पीले चावल देकर 23 अप्रैल परशुराम जयंती का न्यौता दिया था। प्रेसवार्ता के दौरान प्रमोद कौशिक, मुकेश शर्मा, सूरजभान अंतिल (खेवड़ा) आदि मौजूद रहे।

जयहिन्द ने कहा परशुराम जयंती के अवसर पर 22 अप्रैल को पहरावर की जमीन पर ही दोपहर 12 बजकर 12 मिनट से हवन का आयोजन किया जाएगा, नवीन जयहिंद ने बताया की हम पीले चावल देकर आम आदमी से लेकर पंच , सरपंच ,पार्षद विधायक , सांसद , मंत्री , पूर्व मुख्यमंत्री , मुख्यमंत्री व सभी सामाजिक कार्यकर्ताओ को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का निमंत्रण दे रहे है। और सभी से अपील है की भगवान परशुराम के मंदिर व मूर्ति निर्माण के यज्ञ में अपनी आहुति जरूर डाले , जयहिंद ने आगे बताया की आयोजन पहरावर की उसी जमीन पर होगा जिसको फरसाधारियो ने सर्वसमाज के साथ मिलकर फरसे के दम पर सरकार के कब्जे से छुड़वाया था। जयहिंद ने आगे कहा की जन्मोत्सव में शामिल होने वाले सभी लोग फरसा लेकर पहुंचे क्यूंकि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर इस बार चढ़ावा और प्रसाद भी खास होगा इस बार भगवान को फरसे प्रसाद स्वरूप चढ़ाये जायेंगे साथ ही फरसे और देसी घी का प्रसाद ही बांटा जायेगा। जयहिंद ने सभी से अपील की है कि आयोजन में शामिल होने वाले सभी लोग एक ईंट एक नोट लेकर पहुंचे जो मंदिर / मूर्ति बनवाने में इस्तेमाल किये जायेंगे। जयहिंद ने बताया की इस बार हरियाणा सहित यूपी , दिल्ली , राजस्थान , उत्तराखंड , हिमाचल यहाँ तक की जम्मू - कश्मीर से भी भगवान परशुराम के भक्त भी इस आयोजन में हिस्सा लेंगे। जयहिंद ने बताया की भगवान परशुराम ने अन्याय के खिलाफ फरसा उठाया था श्री राम को धनुष बाण व कृष्ण को सुदर्शन चक्र दिया था वह शिव शंकर के सबसे बड़े भक्त थे , वो गौ भक्त व न्याय के देवता थे।

**दुलीचंद मुख्यातिथि रहेंगे क्योंकि दादा दुलीचंद की वजह से ही दो लाख विकलंगो, बुजुर्गो व विधवा महिलाओं की पेंशन बनी थी**

# हनुमान जन्मोत्सव के तहत भव्य भजन संकीर्तन का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सिद्ध पीठ श्री लक्ष्मी नारायण बालाजी मंदिर पुरानी महाबीर कॉलोनी में 33 वा हनुमान जन्मोत्सव बृहस्पतिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमे हनुमान जी 56 भोग पदार्थो का भोग लगाया गया। इसके पश्चात हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार पूजन कर भजन संकीर्तन का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। दिल्ली व हरियाणा के कलाकार व लीलू म्यूजिकल ग्रुप द्वारा हनुमान जी के भजनो का गुणगान किया गया। जिसमे हजारो की संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में भगवान श्री राम, हनुमान जी महाराज, बालाजी महाराज के जय घोष करते नजर आ रहे थे। पूरे परिसर में बालाजी महाराज की जय, जय श्री राम श्रद्धालुओ के मुख से सुनाई दे रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान, कांग्रेस नेता सुरेंद्र छिकारा , अशोक अरोड़ा पूर्व पार्षद , विजय तुली , संजय कुकड़ेजा , हरी प्रकाश सैनी पार्षद , विकास खत्री , राकेश राणा , लेखराज नासा , मनीष सैनी आदि सभी ने हनुमान जन्मोत्सव पर बधाई दी। सोनीपत के विधायक सुरेंदर पंवार ने लाखो की लागत से तैयार होने वाले मंदिर का मुख्य स्टील गेट को अपने निजी कोष से बनवाने की घोषणा की। सभी ने यह सन्देश दिया कि हनुमान जी शिव के रुद्र अवतार हैं जो कि भगवान राम के अनन्य भक्त हैं। हनुमान बल, बुद्धि व विद्या के देवता हैं और सभी दुखों को हरने वाले हैं।

जैसे हनुमान ने राम का नाम सुमिरन करके चिरंजीव पद को प्राप्त किया, वैसे ही सभी जीवों को भगवान राम के नाम का प्रतिदिन सुमिरन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर समिति के प्रधान सुरेश भारद्वाज ने की। मंदिर समिति ने सभी अतिथिओ का पगड़ी पहनाकर, फटका पहनाकर, हनुमान जी का स्मृति चिन्ह से स्वागत किया। समिति के प्रधान सुरेश भारद्वाज ने बताया कि इस दिन को जयंती नहीं बल्कि जन्मोत्सव कहना उचित है। उन्होंने कहा कि जयंती का शब्द का इस्तेमाल उस व्यक्ति के लिए किया जाता है, जो संसार में नहीं है। लेकिन ये बात पवनपुत्र हनुमान जी पर लागू नहीं होती है। हनुमान जी को कलयुग के जीवित व जागृत देवता माने गए हैं। तुलसीदास जी ने भी कलयुग में हनुमान जी की मौजूदगी का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि कलियुग में धर्म के रक्षक बजरंगबली जी निवास करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों व कार्यकारिणी के सदस्यों को भी बधाई दी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता ललित पंवार, अमरजीत दलाल, निगम पार्षद मोनिका नागर,राज करण शर्मा, संजीव बतरा, मेहर चंद माणिक, मुकेश भोला, संदीप भारद्वाज, राजेश भारद्वाज, भोजा पहलवान, आनंद लाकड़ा, हरगोविंद गंभीर, पीके बाली, ओम प्रकाश पुजारी, मनोहर लाल ढींगरा, बनवारी लाल, उमा शंकर गौतम , बिन्नी भारद्वाज , राकेश नरवाल , भलेराम जांगड़ा , के सी बत्रा , के सी डुडेजा , प्रेम रेलेन ,ओमकुंवार प्रधान , ओमकुंवार प्रधान खत्री , लीलू प्रधान , राजेश कालूपुर , सतीश कालूपुर अशोक अरोड़ा (कालू ),वीणा भारद्वाज , संतोष अरोड़ा पूर्व पार्षद, डॉ उषा, बनारसी देवी, पूनम शर्मा, पुष्प झाम्ब, सरोज संदूजा, पुष्पा खतरेजा आदि मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### बालाजी महाराज के गुणगान करने से मनुष्य के कष्ट होते है दूर: विजय जैन



**पानीपत,7 अप्रैल/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत ग्रामीण हलके के लोकप्रिय नेता एवं समाजसेवी विजय जैन पार्षद ने हनुमान जन्मोत्सव पर ग्रामीण हलके की कई कॉलोनियों में आयोजित कई जागरणों में भाग लेकर ज्योत प्रचंड की और हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। सभी कार्यक्रमों में पहुंचने पर कालोनी वासियों ने भाई विजय जैन का पगड़ी पहनाकर और फूल मालाओं से स्वागत किया। पार्षद विजय जैन ने धमीजा कॉलोनी, नूरवाला, हरी नगर कॉलोनी, बलजीत नगर, रूप सिंह नगर ,अशोक विहार कॉलोनी, विजय नगर व सेक्टर 12 हुडा पानीपत आदि में पहुंचकर ज्योत प्रचंड की। इस मौके पर विजय जैन ने कहा है कि बालाजी महाराज के गुणगान करने से मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। हम सभी को अपने जीवन में थोड़ा समय निकाल कर के भगवान का भजन अवश्य करना चाहिए ताकि हमारी आत्मा की शुद्धता बनी रहे और हमारा मन अच्छे कार्य में लगा रहे। इस मौके पर भारत नगर, बबैल रोड निवासी कंवरपाल खोखर ने बालाजी महाराज के जागरण में खड़ा होकर प्रतिज्ञा ली कि जब तक समाजसेवी भाई विजय जैन पानीपत ग्रामीण हलका से विधायक नहीं बन जाते, वह तब तक अपनी दाढ़ी नहीं कटवायेगा। इस अवसर पर रिंकू सैन प्रधान, संजय गर्ग ,अंकित अग्रवाल ,तरसेम बंसल, डॉ उपेंद्र सैनी, सुरेंद्र गर्ग, सेठ पाल, गौरव गर्ग, मोनू शर्मा ,रमेश मौर्य ,बलदेव अरोड़ा हनुमान, मनोज, पूनम, सरदार अर्जुन सिंह, आदि मौजूद रहे।

### अपनी छत पर लगे तिरंगे को देखे कहीं वो बदहाल तो नही

**सोनीपत: माँ** भारती रक्तवाही के द्वारा तिरँगा सम्मान संकल्प मुहिम के तहत अनेको लोग अपने घरों से व अन्य भिन्न भिन्न स्थानों से खंडित तिरँगे उतार कर तिरँगा सम्मान संकल्प टीम को सोंप रहे है। शाहपुर तुर्क गाँव से टीनू शर्मा एक कार मैकेनिक है जिसे जहाँ भी खंडित तिरँगा दिखाई देता है उसे निवेदन करके सम्मान सहित उतरवाकर अपने पास सुरक्षित रख लेता है ।ऐसे ही पंजाब नेशनल बैंक से नीरज कुमार भी बैंक आते जाते खंडित तिरँगे को उतरवा कर अपने पास रख लेता है ।कुमाशपुर से सुधीर भी इस टीम से जुड़ के देश की शान का प्रतीक तिरँगे को संभालते है । इन तिरँगा विरो ने आज प्रेम गौतम के पास 44 खंडित तिरँगे जमा किये ।इस मुहिम के तहत इस टीम ने 5 जिलों से अब तक 3000 से भी ज्यादा बदहाल तिरंगों को उतारा है जिसे नगर निगम नोडल अधिकारी के पास निष्पादन हेतु जमा करवाया जाता है ।

### ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने सोनीपत जिला के लिए शिव प्रसाद शर्मा को नियुक्त किया लोकपाल

**सोनीपत: अतिरिक्त** उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य में जिला स्तर पर लोकपाल नियुक्त किए गए हैं जो केन्द्र सरकार द्वारा गरीब लोगों के कल्याण के लिए चलाई जा रही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम(मनरेगा) तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से संबंधित लोगों की शिकायतों को प्राप्त कर उनका समाधान करवाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि सोनीपत जिला के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने शिव प्रसाद शर्मा को लोकपाल नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं को लेकर अगर किसी व्यक्ति को कोई शिकायत या समस्या है तो वह अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर-03 डीआरडीए में संपर्क कर सकता है या अपनी शिकायत को साधारण डाक द्वारा समाधान हेतु भेज सकता है।

### जिले में शुक्रवार को मिले कोरोना से संक्रमित 03 पोजिटिव केस-उपायुक्त सिवाच

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि शुक्रवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 03 नया पोजिटिव केस मिले हैं और 01 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59942 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 649 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है।

# पानीपत के एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 325 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत पानीपत** के इसराना एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयोजित मेगा शिविर में 325 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का आयोजन रोटरी ब्लड बैंक फरीदाबाद के तत्वाधान में रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट व रोटरी क्लब फरीदाबाद आस्था के सहयोग से किया गया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल ने रक्दाताओं को बैज लगाकर किया। कॉलेज पहुंचने पर प्रबंध समिति के चैयरमैन भूषण गुप्ता, वाईस चेयरमैन विजय गुप्ता व सचिव डीवी गुप्ता ने एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। रक्तदान शिविर का संचालन प्रिंसिपल मेजर जनरल डॉ मनवीर तेवतिया ने किया। वहीं एडीजीपी आलोक मित्तल ने कॉलेज के प्रतिभावान छात्रों को भी सम्मानित किया। उन्होंने रक्तदान शिविर में कॉलेज के छात्रों, स्टाफ सदस्यों के अलावा जिला सीआईडी यूनिट के कर्मचारियों द्वारा किए गए रक्तदान की सराहना की। इस अवसर पर एसपी अजीत सिंह शेखावत, एएसपी मयंक मिश्रा, डीएसपी सीआईडी अजीत मलिक, डीआई कृष्ण मलिक, सिविल सर्जन डॉ. जयत आहूजा, एमएस डॉ.नजीर अहमद, एमओ डॉ ललित कुंडू, कर्नल राम व डॉ वीना व संजय आदि मौजूद रहे।

# भारतीयों ने गर्मजोशी से लंदन में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत सनातन** संस्था ऑफ यूके (एसएसयूके) ने अंजनी पुत्र और राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर दक्षिण लंदन में एक पार्क में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। खराब मौसम और बारिश के बावजूद उत्साहित हनुमान भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ जारी रखा।कार्यक्रम में ओलावृष्टि के साथ लगातार बारिश पर भी कार्यक्रम का आयोजन जारी रहा। इस कार्यक्रम को हरियाणा के प्रवीण कुमार द्वारा संचालित सटन फ्रेंड्स ऑफ इंडियन कम्युनिटी नामक गतिशील समूह द्वारा समर्थित किया गया था। कार्यक्रम में अपनी सनातन संस्कृति से जुड़ाव के चलते बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ 3 बार किया। कार्य क्रम के आयोजक परवीन ने बताया की वे आगामी हर साल में ऐसे धार्मिक आयोजन करेंगे।

# हरियाणे का छोरा लंदन की सत्ताधारी पार्टी से लड़ेगा चुनाव: डॉ नवीन नैन भालसी



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत अंतरराष्ट्रीय** जाट संसद के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ नवीन नैन भालसी ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि हरियाणा के बहादुरगढ़ के रहने वाले रोहित अहलावत को इंग्लैंड की सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी ने लंदन में काऊंसलर के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिया है। भालसी ने बताया कि रोहित अहलावत पिछले 18 वर्षों से लंदन में रह रहे हैं, वे विदेश में रहकर भी समाज के सभी प्रोग्राम में बढ-चढ़ कर भाग लेते है और हाल ही में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद का राष्ट्रीय जाट अधिवेशन,पंचकूला वाले प्रोग्राम में भी स्पेशल लंदन से भारत पहुंचे थे। डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि वर्तमान समय में रोहित अहलावत युवाओं के प्रेरणा-स्त्रोत बन कर उभरे है, क्योंकि रोहित भाई पिछले कई वर्षों से युवाओं को विदेश जाने के लिए ऑनलाइन कोचिंग भी निःशुल्क देते है और पिछले कई वर्षों से लंदन में जाट मेले के नाम से सामाजिक भाई-चारे को संगठित करने के लिए प्रोग्राम भी कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि रोहित अहलावत यूके जाट के संस्थापक सदस्य व अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के यूके प्रतिनिधि भी है। आज के समय युवाओं को अपने जीवन में कामयाब होने के लिए अच्छे मार्गदर्शक चुनाव करने की बहुत ज्यादा जरूरत है।

# धार्मिक कार्यों के लिए जरूर समय निकालें: श्यामसुंदर ब्रेजा

**समालखा: संकट** मोचन हनुमान मंदिर कृष्णा कॉलोनी में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई ' मंदिर के प्रधान व पूर्व पार्षद श्यामसुंदर बरेजा की देखरेख में कार्यक्रम किया गया ' कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ' इस मौके पर श्यामसुंदर ब्रेजा ने कहा जितना भी हो सके हमें धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ' मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर समाजसेवी व पार्षद पति विपिन छाबड़ा, मास्टर रामकिशन,पंकज गोल्डी, इंदर कुमार, रमेश छाबड़ा राजू नारंग, विनोद कुमार ,लविश कुमार, काला, नारंग सहित हजारों बहन भाई मौजूद थे।

# 9 अप्रैल को पानीपत किसान भवन में होगी किसानों की महापंचायत



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत पानीपत** किसान भवन के प्रधान पद का कायार्काल दो से बढ़ाकर पांच वर्ष करने पर जिला के किसानों में निरंतर विरोध बढ़ता जा रहा है। जिला के किसानों की अब पानीपत के किसान भवन में ही 9 अप्रैल को किसान महापंचायत बुलाई गई है। महापंचायत में पहुंचने के लिये भाकियू के पूर्व जिला प्रधान व अन्य पदाधिकारी और किसान अपनी-अपनी टीमों के साथ रोजाना विभिन्न गांवों का दौरा करके किसानों को महापंचायत में पहुंचने का न्योता दे रहे है। वहीं शुक्रवार को भाकियू के पूर्व जिला प्रधान चूहड़ सिंह रावल, सनौली ब्लाक सरपंच एसोसिएशन के प्रधान टिंकू देशवाल कुराड़, तेजपाल ऊझा, सुंदरपाल रावल व प्रेम सिंह ऊझा आदि ने सनौली व बापौली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले करीब एक दर्जन गांवों का दौरा करके किसानों को भारी संख्या में किसान महापंचायत में पहुंचने का न्योता दिया। किसानों की टीम ने बापौली, गोयला खेड़ा, मिजार्पुर,ताहरपुर, ताजपुर,खोजकीपुर, रमाल, गढ़ी भलौर, नवाब गढ़ी सहित करीब एक दर्जन गांवों का दौरा किया। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने कहा कि पानीपत किसान भवन के प्रधान का कायार्काल दो वर्ष ही रहेगा और किसी भी हालत में इसको बढ़ाया नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार बापौली ब्लाक का नंबर है और इसी ब्लाक से किसान भवन का प्रधान दो वर्ष के लिये चुना जाएगा।

# स्वास्थ्य मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा धन: सुधीर जैन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत ज्ञान गंगा ग्लोबल** स्कूल (जी-3) में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया । विद्यार्थियों ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'हेल्थ फॉर ऑल ' विषय पर स्कूल में आयोजित स्लोगन राइटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । सुधीर जैन ने कहा कि स्वास्थ्य मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा धन है। सुखमय जीवन व्यतीत करने के लिए स्वस्थ होने की आवश्यकता होती है । स्वस्थ होने पर हम शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक रूप से अपनी क्षमताओं का अधिकाधिक उपयोग कर सकते हैं । सुधीर जैन ने कहा कि प्रति वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन के जन्म दिवस के रूप में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में लोगों को यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपत्ति है । उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया तथा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, यह कहावत काफी पुरानी होने के आज भी प्रासंगिक है । सीईओ संजय जैन ने बच्चों को जीवन में स्वास्थ्य का महत्व बताते हुए कहा कि हमें रोज सुबह जल्दी उठना चाहिए, रोज सैर करने जाना चाहिए, अपने व अपने आस-पास की सफाई रखनी चाहिए, ताजे फल व हरी सब्जियां खानी चाहिएं। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छी आदतें अपनाने, घर का बना खाना खाने, जंक फूड व नशीली चीजों से दूर रहने व साफ-सफाई रखने की सलाह दी। विद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक विशेष प्रार्थना सभा प्यूमा हाउस की तरफ से आयोजित की गई । प्यूमा हाउस की इंचार्ज मीनाक्षी, अध्यापिका गीता राणा, महक, किरण व नीरजा की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने स्लोगन राइटिंग व पोस्टर मेकिंग सहित विविध प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। निधि, श्रव्या, गर्वित ,अक्षित, मुस्कान, प्रिया ,जतिन, वीरेन आदि विद्यार्थियों ने जीवन में स्वास्थ्य के महत्व विषय पर अपने विचार व्यक्त किए । इस मौके पर बच्चों को जंक फूड से होने वाली बीमारियों से सावधान करते हुए उन्हें शाकाहारी भोजन एवं फल-सब्जियों का महत्व समझाया गया । नौनिहालों ने स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कविताएं सुनाई गई।

# राशन डिपो होल्डर्ज.ने ललित बत्रा से लगायी मदद की गुहार



**सोनीपत , 7 अप्रैल।**

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता ललित बत्रा ने आज अपने सेक्टर 14 स्थित कार्यालय में सोनीपत के राशन डिपो होल्डर्ज. और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के संबंधित अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक बुलाई। भाजपा नेता ने बताया कि सोनीपत में काफी समय से राशन डिपो होल्डर्ज.की कुछ समस्याएं थी जिनके समाधान के लिए आज उन्होंने सम्बंधित अधिकारियो को सामने सामने बैठा कर चर्चा की। भाजपा नेता ने दोनों ओर की व्यावहारिक दिक्कतें सुनी। डिपो होल्डर्स ने बैठक में बताया कि सबसे बड़ी समस्या है उनके कमीशन की जो कि उन्हें 2 तीन महीने के बाद कहीं जा कर मिलता है जबकि उनकी मांग है कि उनका कमीशन सीधे उनके खाते में हर महीने ट्रांसफर कर देना चाहिए ताकि वह अपने परिवार का भरणपोषण आराम से कर सके। दुसरे उन्होंने बताया कि डिपो होल्डर्ज.जो चीनी मिलती है वह 1342 रूपए क्विंटल मिलती है और डिपो होल्डर उसे आगे 1350 रूपए क्विंटल में आगे देता है इसमें डिपो होल्डर को लाभ की बजाय घाटा ही होता है इसीलिए वह मांग करते हैं कि उनकी कमीशन बढ़ाई जाये। आखिर में उन्होंने मांग रखी की सरकार की नयी पॉलिसी के तहत 60 वर्ष से ऊपर के डिपो होल्डर्ज. की डिपो खतम करने की सरकार की योजना अगस्त 2023 से शुरू होने वाली हैं।

इस पर सरकार पुनर्विचार करे। उनकी मांग है कि इस आयु सीमा को थोड़ा बढ़ाया जाये। समस्याए सुनने के बाद भाजपा नेता ललित बत्रा ने डिपो होल्डर्ज.को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो समस्याएं स्थानीय स्तर पर हल हो सकती है वह तो तरुंत वह हल करवा देंगे। और जो सरकार के पॉलिसी मैटर हैं उनके लिए वह मुख्यमंत्री या संबंधित मंत्री से मिलकर कर जल्द ही समाधान करने की कोशिश करेंगे। राशन डिपो होल्डर्ज.ने ललित बत्रा को एक ज्ञापन सौंपते हुए उनका आभार भी प्रकट किया।

# उपायुक्त रोजाना करते हैं लोगों की समस्याओं की सुनवाई

**टीम एक्शन इंडयिा/सोनीपत जिला** के लोगों की समस्याओं का निदान करने के लिए उपायुक्त ललित सिवाच रोजना लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हैं और हाथों हाथ उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। डीसी से मिलने आने वाले लोगों को न इंतजार करना पड़ता है और ना ही उन्हें खोजने की जरूरत होती है। उपायुक्त ललित सिवाच स्वयं ही लोगों के बीच पहुंच जाते हैं। जनसुनवाई के दौरान शुक्रवार को दर्जनभर लोग अपनी शिकायत लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे, जिनकी सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने सभी शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि वे रोजना लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हैं और प्रयास करते हैं कि लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि अगर कोई शिकायत ऐसी है जिसके लिए अन्य अधिकारियों से विचार-विमर्श की जरूरत है तो वे स्वयं उसके लिए अधिकारियों से विचार-विमर्श करते हैं और उस शिकायत या समस्या का समाधान करवाते हैं ताकि लोग जिस उम्मीद के साथ उपायुक्त से मिलने आते हैं उनकी उस उम्मीद को पूरा किया जा सके।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



## शाह ने कौशांबी को दी परियोजनाओं की सौगात

### यूपी के कौशांबी जिले में तीन दिवसीय कौशांबी महोत्सव का शाह ने किया शुभारंभ



### रैलियां होंगी जोरदार

● शाह ने कौशांबी जिले को 612.94 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**टीम एक्शन इंडिया/कौशांबी**

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में शुक्रवार को तीन दिवसीय कौशांबी महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान गृहमंत्री शाह ने कौशांबी जिले को 612.94 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें 456.22 करोड़ रुपये की 94 परियोजनाओं का लोकार्पण और 156.72 करोड़ की लागत वाली 22 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। कौशांबी जिले के फसहिया मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। अपने संबोधन के दौरान गृहमंत्री शाह ने कांग्रेस और सपा समेत अन्य विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने विदेश में लोकतंत्र संबंधी राहुल गांधी के बयान की कड़ी निंदा की। साथ ही संसद की कार्यवाही नहीं चलने देने के लिए भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग विदेश में भारत को बदनाम कर रहे हैं। कांग्रेस को संविधान पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि सोनिया और राहुल समेत अन्य कांग्रेस नेताओं ने जितनी बार नरेन्द्र मोदी को गाली दी, तो जनता ने उतनी बार कमल को और मजबूती के साथ खिलाया। मोदी को गाली देने वालों का हश्र बुरा हुआ है। राहुल के साथ भी यही हुआ। उनकी सांसदी चली गई। अब वे केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। जबकि उनकी सांसदी नियम के तहत गई है। इसी नियम से अब तक 17 नेताओं की सदस्यता जा चुकी है।

### इन परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**जिला** सांख्यिकी अधिकारी ओपी सिंह ने बताया कि 612.94 करोड़ लागत की 116 परियोजनाओं को गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभारंभ किया। इसमें प्रमुख रूप से राजकीय आईटीआई, चायल का भवन– 11.57 करोड़, सिराथू तहसील में आवासीय भवन– 5.52 करोड़, नगर पालिका परिषद मंझनपुर कार्यालय भवन– 4.99 करोड़, मंझनपुर थाने के प्रशासनिक भवन का निर्माण– 6.77 करोड़, बालिका छात्रावास कड़ा– 1.77 करोड़ छात्रावास का भवन बनेगा।

# चुनावी साल में सरकार ने खोला पिटारा

## सीएनजी-पीएनजी सस्ती होगी, तो अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण, नौकरियां भी मिलेंगी

● सरकार ने नौकरी से लेकर रोजमर्रा की चीजों तक लोगों को राहत देने वाले कदम उठाने शुरू कर दिए हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दक्षिणी राज्य क**र्नाटक में विधानसभा चुनाव का एलान हो चुका है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में नवंबर-दिसंबर में चुनाव होंगे, जबकि साल भर बाद देश में 2024 का आम चुनाव होगा। इन चुनावों के लिए सभी पार्टियां तैयारियों में जुटी हुई हैं। इस बीच सरकार ने नौकरी से लेकर रोजमर्रा की चीजों तक लोगों को राहत देने वाले कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। ऐसे में कयास लगाए जाने लगे हैं कि चुनावी साल में केंद्र सरकार सभी वर्गों को कुछ-न-कुछ राहत देकर अपनी राह आसान करना चाह रही है।

**अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण:** इस साल लाखों युवाओं के लिए सरकार सरकारी नौकरी का पिटारा खोलेगी। अकेले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) 1.30 लाख कांस्टेबलों की भर्ती की जाएगी। इनमें 10 फीसदी पद अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के नोटिफिकेशन के मुताबिक, कुल 1,29,929 पदों में 1,25,262 पुरुष और 4,667 महिला अभ्यर्थियों के लिए होंगे। अर्थियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास रखी गई है। भर्ती जनरल क्यूटी कैडर के कॉस्टेबल पदों के लिए है। इन्हें सामान्य केंद्रीय सेवा में ग्रुप-सी गैर-राजपत्रित श्रेणी में रखा जाएगा। सभी भर्तियां भारतीय नागरिकों के लिए हैं। सेवानिवृत्ति 60 वर्ष की आयु में होगी। आयु 18 से 23 वर्ष रखी गई है। जानकारी के मुताबिक, पहले बैच को अधिकतम आयु में पांच वर्ष और पूर्व अग्निवीरों को तीन वर्ष तक की छूट मिलेगी। इन्हें शारीरिक क्षमता परीक्षण (पीईटी) से भी नहीं गुजरना होगा। एससी-एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में पांच वर्ष व ओबीसी को तीन वर्ष की छूट मिलेगी।

## एनपीएस की समीक्षा के लिए केंद्र ने बनाई समिति

**केंद्र** सरकार ने नेशनल पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की समीक्षा के लिए समिति का गठन कर दिया है। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि कार्मिक सचिव, विशेष सचिव (कार्मिक) व्यय विभाग और पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के अध्यक्ष इसके सदस्य होंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 24 मार्च को संसद में इस कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा था। व्यय विभाग समिति के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। वित्त मंत्रालय के आदेशानुसार, समिति को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि क्या सरकारी कर्मचारियों के लिए एनपीएस के मौजूदा ढांचे और ताने- बाने में किसी तरह के बदलाव की जरूरत है? इसके लिए जो संदर्भ शर्तें तय की गई हैं, उनके अनुसार कोई भी बदलाव आवश्यक होने पर कमेटी एनपीएस में संशोधन की सिफारिशें करेगी। हालांकि, उसे सरकारी खजाने की सेहत, बजट पर पड़ने वाले असर का ध्यान भी रखना होगा, ताकि आम जनता के हित सुरक्षित रखने के लिए राजकोषीय विवेक बना रहे। सरकारी कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग कर रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि 2004 से लागू नई पेंशन योजना में उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद उतनी पेंशन नहीं मिल पाएगी, जिसमें उनका जीवनयापन ठीक से हो सकेगा। राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ सरीखे विपक्ष शासित राज्यों ने पुरानी पेंशन लागू कर केंद्र सरकार पर भी ऐसा करने का दबाव बना दिया है। हालांकि, केंद्र सरकार व अन्य भाजपा शासित राज्यों ने नई पेंशन योजना वापस लेने से इनकार कर दिया है।

## निकाय चुनाव: असामाजिक तत्वों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/हरदोई**

उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव-2023 का बिगुल बजते ही पुलिस सतर्क हो गई है। इस लेकर संडीला कोतवाली में शुक्रवार को एक बैठक हुई। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने अपने-अपने क्षेत्र में अपराधिक व्यक्तियों पर निगरानी करने के निर्देश दिए। संडीला कोतवाल दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि असामाजिक तत्वों की कुंडली खंगाली जा रही है, ताकि मतदान से पहले शिकंजा कसा जा सके। निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराना पुलिस-प्रशासन के



आजमगढ़ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

## अतीक व उसके बेटे पर अपहरण मामले में आरोप तय

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**माफिया** अतीक अहमद की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार को एक और मामले में अतीक पर आरोप तय हो गए हैं। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की लखनऊ कोर्ट ने अतीक, उसके बेटे उमर और असद पर रियल एस्टेट कारोबारी मोहित जायसवाल के अपहरण मामले में दोषी पाया गया है। उल्लेखनीय है कि लगभग साढ़े चार साल पूर्व 2018 में दिसम्बर की 29 तारीख को रियल एस्टेट कारोबारी मोहित जायसवाल ने एक एफआईआर दर्ज कराई थी।



इसमें उन्होंने देवरिया जेल में निरुद्ध अतीक अहमद पर उनके गुर्गों के जरिये गोमती नगर से उनका अपहरण कराने का आरोप लगाया था। तंमचे के बल पर उसे देवरिया जेल ले जाया गया था। जहां पूर्व सांसद व माफिया अतीक अहमद ने उसे एक सादे स्टॉम्प पेपर पर दस्तखत करने को कहा।

## धामी ने 36 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**

**मुख्यमंत्री पु**ष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कालाढूंगी में 95 करोड़ 08 लाख की 36 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से इस क्षेत्र के भविष्य की नींव रखी गई है। योजनाओं के पूर्ण होने पर क्षेत्र का सवार्गीण विकास होगा। इन योजनाओं से क्षेत्र के 8012 परिवार पेयजल योजना से लाभान्वित होंगे। आज का दिन कालाढूंगी में विकास के एक नए युग के सूत्रपात में सहायक सिद्ध होगा। इन 36 योजनाओं में मोटर



मार्ग निर्माण, पेयजल और सिंचाई की क्षमता के विकास जैसे जनहितकारी कार्य क्षेत्रों से जुड़ी हुए हैं। धामी ने नकल विरोधी कानून की आवश्यकता व महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इस माह 04

### विकास होगा

● इन योजनाओं के माध्यम से इस क्षेत्र के भविष्य की नींव रखी गई है। योजनाओं के पूर्ण होने पर क्षेत्र का विकास होगा

प्रतियोगी परीक्षा आयोजित कराई जा रही हैं तथा रिक्त पदों का अधियाचन आयोग को प्रेषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर देने हो, प्रदेश की महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को लागू करना हो, समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करना हो, जबरन धर्मांतरण पर रोक के लिए कानून बनाना हो, नई शिक्षा नीति लागू करना हो, नई खेल नीति लागू करना हो, सख्त नकल विरोधी कानून बनाना हो, राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देना हो, सभी का सरकार द्वारा बेहतरीन प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने 398.00 लाख की धनराशि से आनन्दपुर नलकूप पेयजल योजना तथा लामाचैड़ खास नलकूप पेयजल योजना लागत 159.00 लाख की 02 योजनाओं का लोकार्पण किया।



MARUTi
nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT



Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

## स्वास्थ्य का अधिकार नागरिकों का हक: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने कहा कि 'स्वास्थ्य का अधिकार' देश के हर नागरिक का हक है। इसे पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए। राजस्थान सरकार ने 'स्वास्थ्य का अधिकार' विधेयक को पारित कर सिद्ध कर दिया है कि राज्य सरकार जनता के साथ खड़ी है। कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान राजस्थान के चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गरीब परिवारों की पीड़ा को समझा और सभी के लिए मुफ्त जांच व दवाइयों की सुविधा शुरू की।

## 59 हजार विदेशी सैलानियों ने किए महापरिनिर्वाण मंदिर के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/कुशीनगर**

सितम्बर से लेकर मार्च तक चलने वाले बौद्ध सर्किट का पर्यटन सीजन अब समाप्त हो गया है। अब पर्यटकों के इक्का-दुक्का दल ही यहां आ रहे हैं। कोविड-19 के दौर में दो साल से ठप रहे पर्यटन व्यवसाय को पटरी पर लाने में सहायक सिद्ध हुआ है। राज्य पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बीते सत्र में 59 हजार, 374 विदेशी सैलानियों और चार लाख, 96 हजार, 515 भारतीय सैलानियों ने विश्व प्रसिद्ध महापरिनिर्वाण मन्दिर में बुद्ध की शयनमुद्रा वाली 5वीं सदी की प्रतिमा का दर्शन किया।

**दक्षिण कोरिया व वियतनाम की बढ़ी भागीदारी:** बौद्ध सर्किट के पर्यटन सीजन में सदैव से सर्वाधिक 50 प्रतिशत की भागीदारी थाईलैंड की रही है, परंतु बीता सत्र दक्षिण कोरिया, वियतनाम के नाम रहा। इन दोनों देशों से सर्वाधिक पर्यटक कुशीनगर आए। तीन फरवरी को दक्षिण कोरिया के 13 सौ पर्यटकों के एक बड़े दल का आना उल्लेखनीय रहा। भारत-दक्षिण कोरिया मैत्री" के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दो सौ सदस्यीय उच्चस्तरीय कोरियाई राजनयिक दल का आना पर्यटन को गति पहुंचा गया। दूसरे नम्बर पर वियतनाम, इंडोनेशिया व ताइवान के पर्यटकों की भागीदारी रही।

### अफरा-तफरी

### मृतकों के परिजनों को दो लाख की मदद, नायाब तहसीलदार निलंबित

## त्यूणी आग्निकांड: चार बच्चों की मौत, तीन झुलसे

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**जनपद** के चकराता स्थित त्यूणी पुल के पास गुरुवार को आवासीय मकान में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में 04 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 03 लोग झुलस गए। इनमें से घायल एक महिला को हिमाचल के रोहड़ू में भेजा गया है, जबकि अन्य दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने घटना की जांच पुलिस उपमहानिरीक्षक फायर निर्वेदिता कुकरेती को सौंपी है।

**मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की सहायता राशि:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है। वहीं जिलाधिकारी सोनिका द्वारा राहत बचाव कार्यों में लापरवाही बरतने पर नायब तहसीलदार को निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को लाइन हाजिर किया गया है। जिलाधिकारी ने मृतकों के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि पुलिस उपमहानिरीक्षक फायर निवेदिता कुकरेती को जांच सौंपी गई है। जांच प्राथमिकता के आधार पर 03 दिवस के भीतर संपादित कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट में किसी भी अधिकारी-कर्मचारी की कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को जनपद आपदा परिचालन केन्द्र से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार शाम त्यूणी तहसील के त्यूणी मोटर पुल के समीप एक आवासीय मकान में गैस रिसाव से आग लग गई।

